INTERNATIONAL ROMANI DAY

# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 233/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 08 अप्रैल 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in

## नॉर्थ कोरिया ने टेस्ट किया दूसरा अंडरवाटर न्यूक्लियर ड्रोन

**सियोल।** नॉर्थ कोरिया ने एक बार फिर से अंडर वाटर न्यूक्लियर ड्रोन की टेस्टिंग की है। वहां के सरकारी मीडिया ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। नॉर्थ कोरिया ने अपने इस दूसरे अंडर वाटर न्यूक्लियर ड्रोन को हाइल-2 नाम दिया है। कोरियन भाषा में हाइल का मतलब सुनामी होता है।



**सांध्यप्रकाश विशेष**

## केंद्र में 3 आईएएस सहित 16 अधिकारी बने ज्वाइंट सेक्रेट्री

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने कल रात आदेश जारी कर 3 आईएएस अधिकारियों सहित 16 अधिकारियों को ज्वाइंट सेक्रेट्री और ज्वाइंट सेक्रेट्री इक्विवेलेंट स्तर पर नियुक्त किया है। इस संबंध में डीओपीटी ने आदेश जारी कर दिए हैं। जिन आईएएसअधिकारियों को जॉइंट सेक्रेटरी बनाया गया है वे हैं- तेलंगाना कैडर के 2003 बैच की योगिता राणा, उत्तराखंड कैडर में 1999 बैच की अधिकारी चौहान सरिता चांद और बिहार कैडर के 2005 के अधिकारी बाला मुरुगन डी शामिल हैं। इसके अलावा आईआरएस, सीएसएस, आईपीओएस और अन्य सेवाओं के 13 अन्य अधिकारियों को भी जॉइंट सेक्रेटरी बनाया गया है। **(आदेश पेज 6 पर देखें)**

## मध्य प्रदेश में वर्ष 23 की तबादला नीति तैयार




**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा इस वर्ष 23-24 की तबादला नीति को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस नीति को अब कैबिनेट के समक्ष अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी मिलते ही इसे लागू कर दिया जाएगा।माना जा रहा है कि 25 अप्रैल से तबादलों से हट जाएगा प्रतिबंध और उसके अगले 1 महीने तक तबादले हो सकेंगे।

चुनावी साल को देखते हुए इस बार पूरे प्रदेश में 35 से 40000 कर्मचारी अधिकारियों के ट्रांसफर हो सकते हैं। तबादला नीति में अंदर की खबर आई है कि एक बार प्रभारी मंत्री को विशेष अधिकार दिए जा रहे हैं।

## मप्र में हम दो तिहाई सीटों से जीतेंगे, कांग्रेस कोई चुनौती नहीं: विजयवर्गीय

**धार।** बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी दो तिहाई से अधिक सीटों के बहुमत से जीतेगी। कांग्रेस हमारे लिए कोई चुनौती नहीं है। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने जनता को धोखा दिया, अब जनता बीजेपी और मोदी जी के साथ है।

कैलाश विजयवर्गीय बीजेपी के कार्यकर्ता




सम्मेलन में शामिल होने धार पहुंचे थे। उन्होंने बीजेपी कार्यालय में कई पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन मुलाकात भी की। कैलाश विजयवर्गीय का धार दौरा आगामी चुनावी तैयारियों को लेकर देखा जा रहा है। उन्होंने इस दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी दो तिहाई से अधिक बहुमत से जीतेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और कमलनाथ हमारे लिए कोई चुनौती नहीं है। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने प्रदेश की जनता को धोखा दिया था, लेकिन अब जनता बीजेपी और मोदी के साथ है। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि किस जिले में कैसी तैयारी करना है, इस संदर्भ में कार्यकर्ताओं से फीडबैक ले रहे है। क्योंकि हमारे यहां मध्यप्रदेश इतना वर्साटाइल है कि एक पॉलिसी बनाकर पूरे प्रदेश का चुनाव नहीं लड़ा जा सकता। धार जिले के लिए समस्या अलग है। कार्यकर्ताओं की समस्या अलग है और वर्चस्व की लड़ाई अलग है। इसलिए हर जिले के अंदर आगामी चुनाव को देखते हुए हम किस प्रकार तैयारी करना है। हम कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेकर आने वाले चुनाव की रणनीति बनाएंगे। पिछली बार कांग्रेस ने प्रदेश की जनता को धोखा दिया था। सिर्फ कांग्रेस के प्रदेश नेता ही नहीं राहुल गांधी ने भी धोखा दिया था। उन्होंने मंदसौर की सभा में कहा था कि आठ दिन में मेरा मुख्यमंत्री किसानों का कर्जा माफ नहीं करेगा तो मै मुख्यमंत्री बदल दुंगा। बेरोजगारों को कहा था कि हम आपको भत्ता देंगे ! पर एक भी बेरोजगार को नहीं दिया।

पंद्रह महीने में कमलनाथ जी ने एक भी काम ऐसा नहीं किया और इसी से दुखी होकर सिंधिया जी हमारे साथ आ गए। क्योंकि लोग उन्हें रास्ते में पकड़ते थे। कमलनाथ जी ने जो कहा वो तो चुनावी बात थी, कमलनाथ जी अपने वादों को लेकर सीरियस नहीं थे। मप्र की जनता भी कमलनाथ जी के लिए सीरियस नहीं है। इसलिए हमें इस बात का गर्व है कि देश की जनता को मोदी जी पर विश्वास है। मप्र में हम दो तिहाई सीटों पर हम जीतेगे।

## मालवा-निमाड़ के 7850 जगहों पर सूरज से बन रही बिजली

**इंदौर।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मालवा-निमाड़ क्षेत्र में घरों, कार्यालयों, परिसरों, छतों पर सोलर पैनल्स लगाकर बिजली बनाने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई। अब यह संख्या 7850 पहुंच गई। रूफटॉप सोलर नेट मीटर से जुड़ी इकाइयों की विद्युत उत्पादन क्षमता भी अब 108 मेगावाट हो गई। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि कंपनी क्षेत्र में बड़ी संख्या में प्रति माह पैनल्स लगाई जा रही है।

इंदौर शहर के मध्य एवं सीमावर्ती क्षेत्र में करीब 4700 एवं मालवा-निमाड़ क्षेत्र में कुल 7850 स्थानों पर पैनल्स लगाई गई। इन स्थानों पर स्थापित पैनल्स की कुल विद्युत उत्पादन अधिकतम क्षमता 108 मेगावाट के ऊपर है। 57 मेगावाट क्षमता की पैनल्स निम्न दाब उपभोक्ताओं ने अपने यहां स्थापित की है, वहीं 51 मेगावाट से ज्यादा की क्षमता की पैनल्स उच्च दाब उपभोक्ताओं के परिसरों पर स्थापित की गई है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि सौर ऊर्जा की ओर बिजली कंपनी के मौजूदा उपभोक्ताओं की रुचि कार्बन उत्सर्जन में कमी और हरित ऊर्जा की दिशा में बहुत महत्वपूर्ण है। समय समय पर सोलर नेट मीटर योजना में शासन की और से सब्सिडी मिलती है। उन्होंने बताया कि इस रुचि से जहां मौजूदा बिजली उपभोक्ताओं



के बिल में कमी आ रही है, वहीं भविष्य के लिए हरित ऊर्जा की ओर भी व्यापक समर्थन देखने को मिल रहा हैं। इन क्षेत्रों के परिसरों में सबसे ज्यादा रूचि दिखाई दी। इंदौर शहर और आसपास 4700, उज्जैन जिले में 980, रतलाम जिले में 325, धार जिले में 290 और खरगोन जिले में 265 स्थानों पर पेनल्स लगाई गई।

## सरकार ने फैक्ट चेक यूनिट के जरिए खुद को ही शक्तिमान बना लिया !

**नई दिल्ली।** एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने केंद्रीय ढ्ढ्ढ मंत्रालय द्वारा अधिसूचित नए आईटी संशोधन नियम को गलत बताते हुए कहा कि ये परेशान करने वाले हैं। एडिटर्स गिल्ड का कहना है कि इन संशोधनों का देश में प्रेस की स्वतंत्रता पर गहरा प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

न्यू इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (इंटरमीडियरी गाइडलाइंस एंड डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) एमेंडमेंट रूल्स, 2023 में यह कहा गया है कि प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो के फैक्ट चेक यूनिट द्वारा 'फर्जी/फेक' मानी जाने वाली किसी भी खबर को सभी प्लेटफार्मों से हटाना होगा, जिसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी शामिल हैं। एडिटर्स गिल्ड ने अपने बयान में कहा है कि 'नए नियमों के माध्यम से, केंद्र सरकार ने खुद को एक 'फैक्ट चेक यूनिट' बनाने की शक्ति दी है। इसके पास केंद्र सरकार के किसी भी काम के संबंध में फेक या गलत या भ्रामक क्या है, यह निर्धारित करने के लिए व्यापक शक्तियां होंगी। इसके पास 'मध्यस्थों' (सोशल मीडिया मध्यस्थों, इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर और अन्य सर्विस प्रोवाइडर सहित) को ऐसी कंटेंट को होस्ट न करने का निर्देश देने का अधिकार भी होगा।

इस बयान में एडिटर्स गिल्ड ने आगे कहा कि असल में, सरकार ने खुद को अपने स्वयं के काम के संबंध में, कोई खबर फेक है या नहीं, यह निर्धारित करने और इसे हटाने का आदेश देने के लिए पूर्ण शक्ति दी है। तथाकथित 'फैक्ट चेकिंग यूनिट' का गठन मंत्रालय द्वारा एक साधारण आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना' द्वारा किया जा सकता है।




एडिटर्स गिल्ड के इस बयान में इस तथ्य की भी आलोचना की गई है कि जनवरी 2023 में पेश किए गए पहले के मसौदे संशोधनों को वापस लेने के बाद मंत्रालय ने इस संशोधन को बिना किसी सार्थक परामर्श के, जो उसने वादा किया था, अधिसूचित किया है।

**पहले भी विरोध किया-** एडिटर्स गिल्ड ने पहले भी 'फैक्ट चेकिंग यूनिट' के बारे में चिंता जताई थी, जिसमें कहा गया था कि फेक न्यूज के निर्धारण का जिम्मा केवल सरकार के हाथों में नहीं हो सकता है। 18 जनवरी को जारी एक बयान में गिल्ड ने कहा था कि इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में किए गए मसौदा संशोधन से गहराई से चिंतित हैं, जो पीआईबी को समाचार रिपोर्टों की सत्यता निर्धारित करने, और 'फेक' माने गए किसी भी कंटेंट को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सहित ऑनलाइन इंटरमीडियरिज से हटाने का निर्देश देने का अधिकार देता है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने सुखोई जेट में भरी उड़ान

### प्रतिभा पाटिल के बाद ऐसा करने वाली दूसरी महिला प्रेसिडेंट



**गुवाहाटी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को असम के तेजपुर एयरफोर्स स्टेशन से सुखोई 30 एमकेआई फाइटर जेट में 30 मिनट की सॉर्टी की। सुखोई जेट ने सुबह 11 बजकर 8 मिनट पर टेक ऑफ किया। और 11 बजकर 38 मिनट पर लैंड किया। सुखोई में उड़ान भरने वाली वे देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति बन गई हैं। उनसे पहले पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा सिंह पाटिल ने भी सुखोई में उड़ान भरी थी।

एयरफोर्स ने जानकारी दी कि एयरक्राफ्ट को 106 स्क्वाड्रन कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन नवीन कुमार ने उड़ाया। उड़ान से पहले उन्हें एयरक्राफ्ट और भारतीय वायुसेना की ऑपरेशनल क्षमता के बारे में बताया गया। महामहिम ने वायुसेना की तैयारियों पर अपनी तरफ से संतुष्टि दर्ज की।

मुर्मू से पहले देश की 12वीं राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने 2009 में सुखोई में उड़ान भरी थी। सुखोई में उड़ान भरकर प्रतिभा पाटिल ने दो वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किए थे। पहला- सुखोई में उड़ान भरने वाली किसी देश की पहली महिला राष्ट्रपति। दूसरा- किसी देश की सबसे उम्रदराज महिला। प्रतिभा पाटिल तब 74 साल की थीं। उनका नाम गिनीज बुक में भी दर्ज है। प्रतिभा पाटिल से पहले डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रपति रहने के दौरान 8 जून 2006 में सुखोई से उड़ान भर चुके हैं। वे ऐसा करने वाले देश के पहले राष्ट्रपति थे। प्रतिभा पाटिल ने उनके बाद सुखोई से उड़ान भरी। अब द्रौपदी मुर्मू ऐसा करने वाली तीसरी राष्ट्रपति हो गई हैं।



## मोदी ने सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तेलंगाना पहुंचे। हैदराबाद के बेगम पेट हवाई अड्डे पर गवर्नर तमिलिसाई सुंदरराजन ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह तेलंगाना से आंध्र प्रदेश के लिए दूसरी वंदे भारत ट्रेन है। 3 महीने पहले प्रधानमंत्री ने सिकंदराबाद - विशाखापत्तनम वंदे भारत लॉन्च की थी।

प्रधानमंत्री ने इसके अलावा 720 करोड़ रुपए की लागत से सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के साथ रेलवे के अन्य प्रोजेक्ट्स का भी शिलान्यास किया। पीएम सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के बाद परेड ग्राउंड पहुंचे। उन्होंने यहां से 5 नेशनल हाईवे समेत 13 हजार 360 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इसके अलावा बीबी नगर का भी शिलान्यास किया।

### पीएम मोदी की अगुवाई को नहीं आए केसीआर

हैदराबाद में अपने पुराने रुख को दोहराते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पीएम मोदी की अगवानी के लिए एयरपोर्ट नहीं पहुंचे। ना ही उन्होंने पीएम मोदी के साथ किसी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। पिछले 14 महीनों में यह पांचवीं बार है जब मुख्यमंत्री राज्य के बाद के दौरे पर प्रधानमंत्री की अगवानी नहीं की।

## मुख्यमंत्री ने रतलाम में किया 80 विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण



**रतलाम।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रतलाम में 898.18 करोड़ रुपये लागत के 80 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन व 476.36 करोड़ रुपये लागत के 53 कार्यों का लोकार्पण किया। इसके बाद महिला सम्मेलन में पहुंचे। मंच पर पहुंचने से पहले सीएम शिवराज सिंह चौहान लाड़ली बहनों के साथ थिरके। विधायक चैतन्य कश्यप सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता तथा अधिकारी यहां मौजूद रहे।

कार्यक्रम स्थल तक जाने के दौरान मार्ग में उनका भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजन द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने लगातार प्रदेश में विकास किया है। हर वर्ग का ध्यान दिया है। बहनों के लिए नई लाडली बहना योजना उनके आत्मविश्वास में वृद्धि करेगी। हम महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं। महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर होंगी, तभी प्रदेश और देश आत्मनिर्भर बनेगा।

## 24 घंटे में कोरोना के 6,155 केस, 11 मौत, लगातार दूसरे दिन 6 हजार से ज्यादा मामले

**नई दिल्ली।** देश में कल कोरोना के 6,155 नए मामले सामने आए। 11 लोगों की मौत हुई, जबकि 3,253 लोग इस बीमारी से ठीक हुए। तीन दिन बाद नए केसेस में स्थिरता देखने को मिली है। गुरुवार को 6050 नए केस सामने आए थे, इसके मुकाबले शुक्रवार को ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। फिलहाल देश में 31 हजार 194 लोगों का इलाज चल रहा है। वहीं, पॉजिटिविटी रेट 5.63त्न पहुंच गया है।

जीनोम सीक्वेंसिंग पर नजर रखने वाली कमेटी इंसाकाग ने खुलासा किया है कि देश में रोजाना सामने आ रहे कोरोना केसों में 38.2 प्रतिशत केस एक्सबीबी 1.16 ओमिक्रॉन वैरिएंट की वजह से हैं।

ये वैरिएंट एक्सबीबी 1 वैरिएंट की तुलना में 1.27 गुना और एक्सबीबी1.5 वैरिएंट की तुलना में 1.17 गुना ज्यादा तेजी से इंसानों में फैलता है। इस वैरिएंट में कई तरह की एंटी-सार्स एंटीबॉडीज के प्रति प्रतिरोधक क्षमता है। आशंका जताई जा रही है कि जल्द ही एक्सबीबी.1.16 ओमिक्रॉन वैरिएंट पूरी दुनिया में फैल जाएगा। 22 मार्च को



ये वैरिएंट कई देशों में सामने आया था। तब से ही विश्व बैंक इसकी निगरानी कर रहा है।

**केस बढ़ रहे, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं- विशेषज्ञ-** कोरोना विशेषज्ञ का कहना है कि कोरोना केस बढ़ रहे हैं, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। देश में ज्यादातर लोगों में हाइब्रिड इम्युनिटी आ चुकी है। यानी वैक्सीनेशन और प्राकृतिक संक्रमण से मिली इम्युनिटी।

## भाजपा ने महिलाओं के अपमान की कसम ही खा ली है: कमलनाथ

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा है कि मध्य प्रदेश जैसे देश के हृदय प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं का अपमान और उत्पीड़न करने की कसम खा ली है। भाजपा के एक नेता ने कल हमारी बेटियों के वस्त्रों के बारे में अत्यंत शर्मनाक टिप्पणी की और उन्हें शूर्पणखा कहा।



उन्होंने कहा कि जबलपुर में शराब की दुकान का विरोध कर रही बहनों के ऊपर शिवराज सरकार ने पुलिस से बर्बरता पूर्वक दमन कराया। उनके बाल पकड़कर घसीटा गया। कटनी में एक महिला का निधन होने के बाद उसका शव ले जाने के लिए एंबुलेंस नहीं मिली और परिजनों को मृतका के गहने बेचकर एंबुलेंस की व्यवस्था करनी पड़ी। यह तो सिर्फ वे घटनाएं हैं जो पिछले तीन-चार दिन में मध्यप्रदेश में घटित हुई हैं। महिलाओं का अपमान करना, उनका उत्पीड़न करना और उनके बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करना भाजपा की पहचान बनता जा रहा है। मैं देश की माताओं, बहनों और बेटियों से निवेदन करता हूं कि वे अपने अधिकारों की लड़ाई में आगे आएं कांग्रेस पार्टी उनके अधिकारों के संघर्ष में उनके साथ खड़ी है।

## छिंदवाड़ा में रामगढ़ी के पास बस पलटी, 10 घायल; खंडवा में 2 बच्चे डूबे

**छिंदवाड़ा।** सिवनी रोड पर रामगढ़ी घाट परासिया के बीच बस पलट गई। हादसे में 10 यात्री घायल हुए हैं। इनमें से 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। कुंडीपुरा ञ्जढ्ढ महेंद्र भगत ने बताया कि सूत्र सेवा बस जबलपुर से छिंदवाड़ा की तरफ आ रही थी। घायलों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए भेजा गया है।

**खंडवा में दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत-** खंडवा में शनिवार सुबह आबना नदी पर नहाने गए दो मासूम दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। घटना सुबह 10 बजे की है। सिटी कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। रामनगर निवासी गौरव उर्फ अनमोल और कार्तिक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतकों की उम्र 10 से 12 साल के बीच की है।



# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निकाली जागरूकता रैली




## आयुष्मान भारत आईडी बनवाने के लिए किया प्रेरित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जयप्रकाश चिकित्सालय से जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत आयुष्मान भारत आई.डी. बनवाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। यह दिन प्रतिवर्ष स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता निर्माण के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष हेल्थ फॉर ऑल की थीम पर यह दिवस मनाया जा रहा है।

मरीजों को अपने चिकित्सकीय उपचार की जानकारी समग्र रूप से उपलब्ध करवाये जाने के लिए विशिष्ट स्वास्थ्य आई.डी. आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउण्ट (आभा) का निर्माण किया जा रहा है। इस आई.डी. के माध्यम से मरीज़ को प्रदान किये गए उपचार के संबंध में सभी विवरण प्राप्त होंगे। आयुष्मान भारत आई.डी. का निर्माण सभी शासकीय चिकित्सालयों में निःशुल्क किया जा रहा है। इसके लिए हितग्राही को अपना आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाईल नंबर लाना आवश्यक होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ0 प्रभाकर तिवारी ने बताया कि आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउण्ट (आभा) डिजिटल हेल्थ आई.डी. के माध्यम से मरीज़ को पूर्व में दिये गए उपचार की सभी जानकारियां मिल सकेगी। मरीज़ के उपचार के दौरान किसी भी अस्पताल अथवा चिकित्सक को इस आई.डी. के माध्यम से यह जानकारी मिल सकेगी कि मरीज़ पूर्व से किन बीमारियों से पीड़ित है एवं उसे क्या उपचार प्रदान किया गया है। एक प्रकार से यह आई. डी. मरीज़ का डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड है जिससे बेहतर उपचार की सेवाएं मरीजों को प्राप्त हो सकेंगी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में यह आई.डी. निःशुल्क बनाई जा रही हैं।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन भारत सरकार की एक फ्लैगशिप योजना है। इसका उद्देश्य देश में डिजिटल स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। इसके माध्यम से मेडिकल रिकॉर्ड का सुरक्षित रूप से स्टोर और एक्सेस करने की सुविधा प्राप्त होगी। स्वास्थ्य संस्थाओं और सेवा प्रदाताओं के बारे में सटीक जानकारी, टेलीपरामर्श और ई-फार्मेसी के माध्यम से दूरस्थ रूप से स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने का विकल्प देना, स्वास्थ्य सेवा प्रदायकर्ता के पास रोगी के चिकित्सकीय इतिहास की जानकारी मरीज़ के देखभाल की निरंतरता को बेहतर बनान मेडिकल क्लेम और चिकित्सकीय प्रतिपूर्ति को बेहतर करना, डेटा विश्लेषण के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत करने में सहायता करना जैसे लाभ आभा आई.डी. के माध्यम से प्राप्त होंगे।

आयुष्मान भारत आई.डी. 14 अंक का यूनिक नंबर है। आभा के माध्यम से मरीज़ अपनी पैथोलॉजी रिपोर्ट, प्रिस्क्रिप्शन और उपचार डिजिटल रूप से प्राप्त एवं साझा कर सकते हैं। भविष्य में आभा के माध्यम से चिकित्सकीय परामर्श हेतु ऑनलाईन बुकिंग भी की जा सकेगी।

# राहुल गांधी के समर्थन में सत्याग्रह कार्यक्रम का किया आयोजन




## केन्द्र सरकार विपक्ष को कुचलने का काम करती है : कैलाश मिश्रा

**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारन नेतृत्व में संत नगर की महात्मा गांधी प्रतिमा के समक्ष कांग्रेसियो ने सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बडी संख्या में कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेसियों ने केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार को जमकर कोसा कि मोदी लोकतंत्र को खत्म करने पर तुले हुए है। वह विपक्ष द्वारा किए गए प्रश्नकाल की अवहेलना करते है व सबकी अनुसुई कर देते है। सत्याग्रह कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कैलाश मिश्रा ने कहा कि आजादी के बाद ऐसी सरकार हमने नहीं देखी जो विपक्ष को कुचलने का काम करती है। यह तानाशाही ज्यादा दिनो तक नही चलने वाली है।

म.प्र. महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष विभा पटेल ने कहा कि मोदी सरकार महिला विरोधी सरकार है वह महिलाओं के हितो पर कोई ध्यान नही देती। जिला महिला संतोष कंसाना ने कहा कि लाडली बहना योजना एक चुनावी स्टण्ड है। चुनाव आते ही शिवराज मामा को बहने याद आने लगी है जब कि मध्यप्रदेश में महिलाओं के साथ बलात्कार में नं. 1 है। ब्लाक अध्यक्ष एवं वार्ड 5 के पार्षद अशोक मारण ने कहा कि मोदी सरकार जनता की आवाज को सदन में उठाने नही देती एवं कांग्रेस के सांसद एवं विधायक अगर जनता के हित में मुददो को उठाती है तो उनका निष्कासन कर देती है। कार्यक्रम को अरुण श्रीवास्तव, त्रिलोक दीपानी, माधू चांदवानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के लोग मौजूद थे।

## नंदीश्वरम पाठशाला के बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

**भोपाल ।** नंदीश्वर जिनालय लालघाटी में महावीर जयंती महोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है। जिनालय में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांय कालीन भक्ति आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण हो रहा है। जिनालय में नन्दीश्वरम पाठशाला के बच्चों द्वारा वर्तमान में वर्धमान की आवश्यकता है। विशेष नृत्य नाटिका के साथ सामूहिक भक्ति प्रस्तुत की गई इसमें राजा सिद्धार्थ की भूमिका पावन जेन और माता त्रिशला जिज्ञासा बनी थी चंदनबाला द्वारा प्रभु के प्रति भक्ति अभिनय की भाव पूर्ण प्रस्तुति की गई और बालिकाओं के ग्रुप देशना, कनिष्का, अक्षरा, स्नेगधा, लावन्या के समुह नृत्य में प्रभु की वंदना की गई महावीर स्वामी के संदेश और पर्यावरण की रक्षा और स्वच्छता का संदेश दिया गया। समाज के सोशल मीडिया प्रभारी सौरभ जैन इंजिनिअर ने बताया इस अवसर पर नन्दीश्वर जिनालय के अध्यक्ष प्रमोद चौधरी एडवोकेट पाठशाला समिति के संयोजक राकेश सलामतपुर डॉ. सर्वज्ञ एम.एल. जैन, मनोज मधुर, नील चौधरी, विवेक चौधरी, सुनील सिंघई, शीलचंद लचकिया एवं पाठशाला एवं परिषद की बहनें मौजूद थी।

### खाद्य पदार्थो में मिलावट के खिलाफ अभियान जारी

**भोपाल ।** मिलावट से मुक्ति अभियान के अन्तर्गत अभिहित अधिकारी देवेन्द्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से शिवाजीनगर स्थित हॉकर कॉर्नर एवं न्यू मार्केट में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों में बिक रहे खाद्य पदार्थों की त्वरित जांच की गई । खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा दोनों स्थानों पर उपयोग किये जा रहे मसालों तथा तलने में उपयोग किये जा रहे तेल का त्वरित परीक्षण किया जिसमें तेल गुणवत्ताहीन प्राप्त होने के कारण मौके पर विनष्ट कराया गया।विगत तीन माह के दौरान पूर्व में लिये गये 97 नमूनों के जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुये हैं जिनमें से 07 अमानक होना पाये गये हैं । अमानक प्राप्त नमूनो में से सौंफ, गाय का दूध, तिली का तेल, सोयाबीन तथा पाम तेल, रतलामी सेव, चावल शामिल है।

# झूलन जो मेला कार्यक्रम में देर रात तक झूमे लोग, प्रिया को किया सम्मानित

**संत हिरदाराम नगर।** साधु वासवानी स्कूल ग्राउंड में झूलन जो मेलो का आयोजन किया गया। इस मौके पर हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। देर रात तक लोगों ने सिंधी गानों पर जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम में ख्याति प्राप्त कलाकार परमानंद प्यासी ने अपनी कविताओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जूनियर अमिताभ ने गानों पर प्रस्तुति देकर धूभ मचा दी। कार्यक्रम में प्रिया राजकुमार ज्ञानचंदानी को पूज्य सिंधी पंचायत एवं जगदीश आसवानी बोरवन क्लब मित्र मंडल द्वारा सम्मानित किया गया। प्रिया के स्वरों से साधु वासवानी स्कूल ग्राउंड का पूरा प्रांगण गूंज उठा। शहीद हेमू कालाणी पर एक नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक रामेश्वर शर्मा, वेदांत संत लालसाई, अखिल भारतीय सिंधी समाज के राष्ट्रीय संरक्षक वासुदेव कालवानी, अध्यक्ष शंकर लाल नागरानी, सलाहकार मुरलीधर बलवानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबुमल रिझवानी, वरिष्ठ शिक्षाविद विष्णु गेहानी, माधु चांदवानी सहित कई वरिष्ठ जन शामिल हुए।



## बंजारा समाज ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**भोपाल।** राजधानी के अंबेडकर पार्क में आज बड़ी संख्या में बंजारा समाज के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। बंजारा समाज के सागर कच्छावा ने बताया कि 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था लेकिन इन मांगों पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई इसलिए आज विश्व बंजारा दिवस के अवसर पर यह प्रदर्शन किया गया है। सागर कच्छावा ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री द्वारा शाम 4 बजे तक उनकी मांगों को नहीं माना जाता है तो इसी स्थल पर धरना दिया जाएगा। आज बड़ी संख्या में बंजारा समाज के लोग इस प्रदर्शन में सम्मिलित हुए जिसमें उज्जैन से पैदल चलकर आए बड़ी संख्या में युवा भी शामिल है।

### खाद्य पदार्थ कारोबारियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**भोपाल।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अंतर्गत समस्त प्रकार के छोटे-बड़े खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन लेना कानूनन अनिवार्य है। बिना लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन के खाद्य कारोबार करने पर 6 माह की सजा एवं अधिकतम 2 लाख रूपये तक जुर्माने का प्रावधान है।

खाद्य कारोबारकर्ता जो सालाना 12 लाख रूपये से अधिक का खाद्य कारोबार करते हैं उन्हें लायसेंस लेना है जिसके लिये 2 हजार रूपये का शुल्क प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया है। लायसेंस एवं पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज नक्शा, आधार कार्ड की फोटोकापी, दुकान के पते का दस्तावेज, बिजली बिल साथ में लाना होगा। ऐसे खाद्य कारोबारकर्ता जो सालाना 12 लाख रूपये तक का खाद्य कारोबार करते हैं। उन्हें रजिस्ट्रेशन (पंजीयन) लेना अनिवार्य है। जिसके लिये 100 रूपये का शुल्क प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया है। लायसेंस एवं पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मीट मटन विक्रय के लिए नगर पालिका, ग्राम पंचायत की एनओसी साथ में लाना होगा।

# 1250 हॉस्पिटल स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर प्रकट उत्सव एवं भंडारे का हुआ आयोजन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

1250 हॉस्पिटल तुलसी नगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान प्रकट उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। आयोजक गौरव जैन मित्र मंडल थे। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। गौरव ने बताया कि 8 वर्ष जब यहां पर यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर हनुमान जयंती के आने वाले शनिवार या मंगलवार के दिन भंडारे का आयोजन किया जाता है इससे ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु सम्मिलित हो सके भंडारे के लिए विशाल टेंट आदि की व्यवस्था की गई जिससे श्रद्धालुओं को कोई असुविधा ना हो इस अवसर पर भजन मंडली द्वारा सुंदरकांड एवं भजनों की सुंदर प्रस्तुति भी दी गइ। इस कार्यक्रम में गौरव जैन के साथ वीरेंद्र मिश्रा, शुभम शुक्ला, पंडित अमित मिश्रा, नवल सिंह राजपूत, सुमित गुर्जर आदि ने विशेष सहयोग किया।

## गोविंदपुरा और भेल क्षेत्र सहित कई कॉलोनियों में पहुंचा लाड़ली बहना योजना का प्रचार रथ

**भोपाल।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास रथ के द्वारा लाडली बहना योजना और अन्य शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार और जन जागरण अभियान निरंतर जारी है। जिले में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ सभी पात्र बहनों को दिलाने और सभी को इसकी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए भी प्रचार- प्रसार किया जा रहा है। मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग द्वारा इस रथ से योजनाओं का प्रचार - प्रसार किया जा रहा है। भोपाल शहर में 25 मार्च से विकास रथ का संचालन किया जा रहा है। रथ द्वारा शुक्रवार पिपलानी भेल, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, विजय मार्केट स्क्वेयर भेल, पिपलानी,रायसेन रोड,सोनागिरी, क्वालिटी स्वीट्स, गांधी मार्केट, इंद्रपुरी सेक्टर बी, भावना नगर, अहिंसा विहार कॉलोनी, अयोध्या नगर, कालीबाड़ी मार्केट, महात्मा गांधी चौराहा बरखेड़ा, जुबली गेट, सी सेक्टर इंद्रपुरी के साथ अन्य जगहों पर प्रचार - प्रसार किया गया। इसके माध्यम से लाडली बहना योजना और हितग्राहीमूलक अनेक योजनाओं के संबंध में आवेदन कैसे किया जाए और किस-किस डॉक्यूमेंट की आवश्यकता होगी के बारे में जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है। बड़ी संख्या में महिलाओं पुरुषों और परिवार के लोगो के द्वारा रथ से जानकारी ली जा रही है कई जगह रथ रोककर टीवी स्क्रीन पर भी वीडियो दिखाया जा रहा है।

# कनेक्ट कॉन्क्लेव का तीसरा संस्करण भोपाल में आयोजित किया जाएगा

**भोपाल।** एमपीकनेक्ट, मध्य प्रदेश /छत्तीसगढ़ क्षेत्र में व्यापार ज्ञान और नेटवर्किंग के लिए एक प्रसिद्ध मंच, अपने सम्मानित वार्षिक व्यापार कार्यक्रम, कनेक्ट कॉन्क्लेव के तीसरे संस्करण की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। 15 अप्रैल 2023 को भोपाल के भव्य होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट में होने वाले इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र भर के सबसे प्रभावशाली व्यापारिक नेताओं, राय निर्माताओं और उद्योग जगत के दिग्गजों को एक साथ लाना है।

कॉन्क्लेव का उद्देश्य राष्ट्रीय और वैश्विक अवसरों तक पहुंच प्रदान करते हुए मध्य प्रदेश में समान विचारधारा वाले पेशेवरों का एक मजबूत समुदाय बनाना है। सहभागी मध्य भारत में बातचीत कर सकते हैं, नेटवर्क बना सकते हैं और व्यावसायिक विकास की संभावनाओं पर चर्चा कर सकते हैं। कनेक्ट कॉन्क्लेव निश्चित रूप से




शीर्ष वक्ताओं और प्रतिभागियों के साथ एक अविस्मरणीय कार्यक्रम होगा।

इस संस्करण में वक्ताओं का एक प्रभावशाली रोस्टर है, जिसमें एविएशन, रियल्टी, ऑटोमोबाइल्स और आईटी क्षेत्रों के शीर्ष स्तर के अधिकारी और अनूठे बिजनेस मॉडल वाले इनोवेटिव स्टार्ट-अप संस्थापक शामिल हैं। यह आयोजन सम्मानित सरकारी अधिकारियों और सांस्कृतिक संरक्षकों की भी मेजबानी करेगा, जैसे कि श्री पी. नरहरि, सचिव और आयुक्त- एमएसएमई, मध्य प्रदेश सरकार, कनिका टेकरीवाल, जेटसेटगो की संस्थापक-सीईओ, सार्थक सेठ, टाटा रियल्टी के सीएमओ, टाटा मोटर्स में मीडिया और मार्केट इनसाइट्स के प्रमुख उदित मित्तल, उमंग श्रीधर, उमंग श्रीधर डिज़ाइन्स के संस्थापक, मध्य प्रदेश फाउंडेशन के महासचिव डॉ हरीश भल्ला, कई अन्य सम्मानित अधिकारियों के बीच।

विंडो टू द इमर्जिंग ग्रोथ अपॉर्च्युनिटीज फॉर बिजनेस थीम के साथ आने वाला कॉन्क्लेव राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर प्रतिष्ठित बिजनेस लीडर्स से अंतर्दृष्टि और ज्ञान प्राप्त करने का एक असाधारण अवसर प्रस्तुत करता है। उपस्थित लोग क्षेत्र के विशेषज्ञों के लिए अद्वितीय पहुंच और उनके अनुभवों से सीखने का मौका पाने की उम्मीद कर सकते हैं। 15 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उद्योग के नेताओं से जुड़ने और अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के विशेष अवसर के लिए हमसे जुड़ें।

# सुरखी विधानसभा में हुआ है कम समय में अधिक विकास : गोविंद सिंह राजपूत

## पानी की समस्या के स्थाई समाधान, स्वीकृत किए 22 करोड़, परकुल परियोजना से बिलहरा में पहुंचेगा पानी

### प्रधानमंत्री आवास की दूसरी किश्त जारी, 3 करोड़ रूपये हितग्राहियों के खाते में पहुंची



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सुरखी विधानसभा में विकास कार्यों की कमी नहीं है जहां सबसे कम समय में सबसे अधिक विकास कार्य किये जा रहे हैं सड़क, बिल्डिंग, अस्पताल, स्टेडियम, पुल पुलिया निर्माण से लेकर घर घर पानी पहुंचाने सहित पूरी विधानसभा में 16 हजार करोड़ रूपये के विकास कार्य प्रगति पर हैं। यह बात राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बिलहरा में परकुल बांध परियोजना से 22 करोड़ की राशि से बिलहरा में पानी की योजना के शुभारंभ अवसर पर कही। श्री राजपूत ने कहा कि आसपास कि विधानसभाओं को पर्याप्त समय अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास करने के लिये मिला लेकिन मुझे मात्र 2.50 सालों में अपने क्षेत्र का विकास करने का अवसर मिला। आप सभी के आर्शीवाद से पूरी विधानसभा में विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। कम समय में अधिक से अधिक कार्य कराने का मेरा लक्ष्य है ताकि हमारे क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ मिल सके। बिलहरा ऐसा क्षेत्र था जो पानी की विक्राल समस्या के लिये जाना जाता था लेकिन अब यहां पानी की समस्या का स्थाई हल हो चुका है घर-घर पानी पहुंचेगा। इस अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किश्त जारी करते हुये 3 करोड़ रूपये हितग्राहियों के खाते में डाले एवं करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। श्री राजपूत ने कहा कि वर्ष 2024 में कोई भी पात्र हितग्राही ऐसा नहीं रहेगा जिसका पक्का मकान ना, हो हमारा लक्ष्य है हर व्यक्ति के लिये मकान उपलब्ध हो। सुरखी विधानसभा क्षेत्र में हर व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये मैं प्रयासरत हूँ हर घर में टोंटी लगाकर पानी पहुंचाने का संकल्प मेरा जल्द की पूर्ण होने वाला है। श्री राजपूत ने कहा कि बिलहरा में जल्द ही 7 लाख की लागत से बनने बाली डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाई जायेगी।

**मुख्यमंत्री कन्यादान योजनाओं में करायें रजिस्ट्रेशन:** राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने कहा कि जैसीनगर में 11 मई को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत विवाह का भव्य आयोजन किया जायेगा जिसमें उन्होंने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि 11 मई के पहले अधिक से अधिक संख्या में अपना रजिस्ट्रेशन कराये एवं योजना का लाभ उठायें। श्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में अब सभी विवाहित जोड़ों को 55 हजार रूपये की राशि दी जायेगी। श्री राजूपत ने कहा कि भाजपा द्वारा हर वर्ग के लिये योजनायें बनाई जा रहीं है खासतौर से लाड़ली बहना योजना महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक योजना है इसके अलावा किसान सम्मान निधि वृद्धा पेंशन योजना, छात्रों के लिये छात्रवृत्ति, आयुषमान कार्ड जैसी अनेकों योजनाओं से आमजन लाभांवित हो रहे हैं।

**यज्ञ में शामिल होकर उठायें धर्म लाभ:** राजूपत ने कहा कि राजघाट पर स्थित मां शारदा देवी मंदिर प्रागण्य में नेपाली बाबा के सानिध्य में 21 अप्रैल से श्री सीताराम नाम जप 1008 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी क्षेत्रवासी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करें। श्री राजपूत ने कहा कि जल्द ही 21 मई से बागेश्वर धाम के पीठाधीश धीरेन्द्र शास्त्री की भागवत कथा का आयोजन भी किया जायेगा जिसमें सभी क्षेत्रवासी पहुंचे। सुरखी में विकास कार्यों के साथ धार्मिक कार्यों का समागम भी बड़े स्तर पर हो रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जगदीश लोधी, वरिष्ठ भाजपा नेता लखन चौबे, मनीष गुरू, राघव कुसुमगढ़, राकेश तिवारी, भूपेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र तंत्वाय, अशोक मिश्रा, सपना दुबे, नंदलाल, कमलेश माते, मोहन विश्वकर्मा, पं. राजेश पुरोहित, रमेश चढ़ार, बृजेश तिवारी, रमेश खटीक, बसंत चौबे, युवा मोर्चा से गौरव गर्ग, अंकित चौबे, सीताराम सेन, सुरेन्द्र सिंह, असलम खान, राजकुमार, नगर पालिका सीएमओ सहित शासकीय विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## युवाओं को कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण दिलाएंगे: सखलेचा



**भोपाल।** एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा है कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री युवा कौशल कमाई योजना के तहत युवाओं को प्रशिक्षण के दौरान प्रति माह 8 हजार रूपये का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा। मंत्री सखलेचा शुक्रवार को नीमच जिले के जावद के ग्राम रूपपुरा में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के शिविर में महिलाओं के फार्म भरवाने के बाद लाडली बहनाओं से संवाद कर रहे थे। मंत्री सखलेचा ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा कौशल कमाई योजना के तहत बेरोजगार युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें साल भर तक 8 हजार रूपये का भुगतान सरकार द्वारा किया जावेगा। मंत्री सखलेचा ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री युवा कौशल कमाई योजना के तहत न केवल बेरोजगार युवक बल्कि महिलाएँ एवं युवतियाँ भी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेगी। इस योजना के तहत सिलाई, ब्यूटी पार्लर, कम्प्युटर प्रशिक्षण की व्यवस्था उनके निवास स्थल के आस-पास के गाँव कस्बे या शहर में की जायेगी।यह योजना आगामी जुलाई से प्रारंभ की जा रही है।

## नगरीय निकाय जन-सामान्य को लू से बचाव के करें समुचित उपाय: भूपेन्द्र सिंह



भोपाल। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने विभागीय अधिकारियों को नगरों में जन-सामान्य को गर्मी में लू से बचाव के समुचित उपाय करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि चिन्हित स्थानों में लू से बचाव के लिये पर्याप्त छायादार स्थल की व्यवस्था करें। इन चिन्हित स्थलों पर लू से बचाव के प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था भी करें। मंत्री संह ने कहा है कि चिन्हित स्थलों पर ठण्डे पानी की व्यवस्था और जन-सामान्य के बैठने तथा लू-ग्रस्त लोगों के आराम करने की व्यवस्था करें। चिन्हित स्थलों पर लू से बचाव से संबंधित जन-सामान्य के लिए आवश्यक सावधानियों के बैनर लगायें और आश्रम, यात्री प्रतीक्षालय, मजदूरों के लिये बनाये गये शेड एवं अन्य स्थलों पर भी लू से बचाव की व्यवस्था करें। जहाँ भिक्षुक एवं शारीरिक रूप से कमजोर एवं निश्क्तजन अधिक संख्या में रहते हों, वहाँ पर शीतल जल तथा छाया की व्यवस्था करें। साथ ही निकाय अन्य जरूरी स्थलों पर भी आवश्यकतानुसार कार्यवाही करें। इस संबंध में आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भरत यादव द्वारा सभी निकायों को निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

## देश के जाने माने विशेषज्ञों ने दैनिक भोजन में मोटे अनाजों के महत्व की दी जानकारी

शासकीय बाबूलाल गौर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें देश के जाने माने विशेषज्ञों ने दैनिक भोजन में मौटे अनाजों के महत्त्व की जानकारी दी। इसमें मुंबई की प्रतिष्ठित पोषण संस्था न्यूट्रीचार्ज के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ( सीईओ ) श्री मिलिंद सरवटे ने कहा कि ज़िंदगी में संतुलित आहार और पोषण की जानकारी से सेहत तो बेहतर बनती ही है ,रोज़गार की भी अनंत संभावनाओं के द्वार भी खुलते हैं।राष्ट्रीय कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र - छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय जैन ने श्री सरवटे का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्र छात्राओं को रोज़गार परक शिक्षा से जोड़ने के तहत इस तरह के कार्यक्रम किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन और स्किल इंडिया से अधिमान्य न्यूट्रीचार्ज जैसी संस्था को शिक्षण अभियान से संबद्ध करने का लाभ महाविद्यालय के छात्रों को मिलेगा।श्री मिलिंद सरवटे ने बताया कि उनकी संस्था के प्रमाणित पाठ्यक्रमों से महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं को फ़ायदा पहुंचेगा। इसके अलावा वे विशेषज्ञों की मदद से व्यक्तित्व का विकास कर सकेंगे और मनचाहा रोज़गार प्राप्त कर सकेंगे।

महाविद्यालय की क्लीनिकल न्यूट्रिशन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर मीता बादल ने न्यूट्रीचार्ज की वाईस प्रेसिडेंट श्रीमती मनीषा भंडारी मिश्रा का स्वागत किया। डॉक्टर बादल ने कहा कि 1950 से लगातार विश्व स्वास्थ्य दिवस के आयोजन का उद्देश्य सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। मौजूदा साल मोटे अनाजों के महत्त्व से आम जन को परिचित कराने का साल है। इसलिए पूरे वर्ष इस सिलसिले में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । श्रीमती मनीषा भंडारी मिश्रा ने जानकारी दी कि मौटे अनाज जैसे ज्वार ,बाजरा,कोदो,कुटकी और मक्का स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभप्रद हैं और गेंहूँ तथा चावल की तुलना में सेहतमंद भी हैं। यह अनाज ग्लूटेन फ्री होते हैं इसलिए कम हानिकारक होते हैं।

कार्यशाला में भोपाल के पोषण सलाहकार एस पी सिंह ,सुश्री अलका गंगवार ,इंदौर की पोषण विशेषज्ञ सुश्री रक्षा रावत ,डॉक्टर कीर्ति श्रीवास्तव ,श्रीमती प्रियंका विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएँ उपस्थित थे। संचालन और आभार प्रदर्शन डॉक्टर मीता बादल ने किया।



मां अंजनी धाम आश्रम खाताखेड़ी,नजीराबाद जिला भोपाल पर महात्मा श्री वालपुरी महाराज जी द्वारा श्री राम जी की वानर सेना को आमंत्रित कर भोजन कराया।

## एनेस्थिसियोलॉजी विभाग एम्स ने किया कार्यशाला का आयोजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एनेस्थिसियोलॉजी विभाग, एम्स द्वारा 7 और 8 अप्रैल को सरदार वल्लभभाई पटेल भवन और कौशल प्रयोगशाला, एम्स भोपाल में बाल चिकित्सा एयरवे चुनौतियां और अवसर विषय के साथ एक सीएमई सह कार्यशाला एम्स भोपाल एडवांस्ड एयरवे वर्कशॉप (एबीएएडब्ल्यू-2023) का आयोजन किया गया है। सीएमई के रूप में एक वैज्ञानिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया है, जिसे एमपी मेडिकल काउंसिल द्वारा 2 क्रेडिट घंटे से सम्मानित किया गया है। लगभग 100 प्रतिभागियों और 50 संकाय सदस्यों की उपस्थिति के साथ सीएमई का सफलतापूर्वक समापन हुआ। सीएमई का उद्घाटन एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक और सीईओ डॉ. अजय सिंह ने किया। कार्यक्रम में एम्स दिल्ली, जेआईपीएमईआर पांडिचेरी, बीएचयू वाराणसी, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज दिल्ली, टाटा मेमोरियल अस्पताल मुंबई, गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल, एनएससीबी जबलपुर और अन्य प्रमुख संस्थानों के प्रसिद्ध शिक्षकों ने अतिथि वक्ता, अध्यक्ष और कार्यशाला प्रशिक्षक के रूप में भाग लिया। फेफड़े के अलगाव के लिए बाल चिकित्सा एयरवे प्रबंधन, एयरवे प्रबंधन के लिए अल्ट्रासाउंड का उपयोग, ग्रीन और लो कार्बन फुटप्रिंट एनेस्थीसिया पर वैज्ञानिक सत्र दिलचस्प थे और इन विषयों पर एक जीवंत चर्चा हुई । कठिन और बाल चिकित्सा एयरवे के मामलों पर सत्र और समस्या-आधारित सीखने की चर्चा अच्छी तरह से सम्पन्न हुई। रेजीडेंट्स के लिए पोस्टर और क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

एक फेफड़े के वेंटिलेशन, एयरवे अल्ट्रासाउंड पर कौशल प्रशिक्षण के लिए व्यावहारिक कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित की गई। डॉ.अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक और सीईओ एम्स ने एयरवे प्रबंधन के लिए बहु-विषयक टीम दृष्टिकोण पर जोर दिया।

# 16 महीने से बंद पड़ा पोर्टल, फीस का ब्यौरा अपलोड नहीं

### बजट के अनुसार एडमिशन का निर्णय नहीं ले पा रहे पेरेंट्स

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश के एजुकेशन डिपार्टमेंट ने फीस के नाम पर पेरेंट्स को लूटने की खुली छूट दे दी है। विभाग के जिस पोर्टल पर प्राइवेट स्कूलों को अपनी फीस अपलोड करना थी, वह पोर्टल ही जनवरी 2022 यानी 16 महीने से बंद पड़ा है। पोर्टल के बंद होने से प्राइवेट स्कूलों को पेरेंट्स को लूटने का मौका तो मिल ही गया है। जबकि मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस विनियम अधिनियम 2017 की धारा 9 की उपधारा 2 में यह स्पष्ट लिखा है कि यदि नियमों का कहीं उल्लंघन हो रहा है तो जिला समिति जिसमें कलेक्टर और डीईओ रहते हैं, स्वयं संज्ञान लेकर जांच कर सकेंगे, पर अधिकारी ऐसा कर नहीं रहे हैं। पोर्टल पर फीस अपलोड करने का मकसद ही यही था कि पेरेंट्स आने वाले सत्र की फीस देख लें और यह उनके बजट के हिसाब से पॉकेट फ्रेंडली न हो तो अपने बच्चे को उस स्कूल से निकालकर दूसरे अन्य किसी स्कूल में दाखिला दिलवा दें, लेकिन यह लाभ तो तब मिलता न जब पोर्टल चालू होता। यहां तो पोर्टल ही 16 महीने से बंद पड़ा हुआ है।

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी नहीं कोई डर:** फीस वृद्धि के मामले में पालक महासंघ ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अगस्त 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी प्राइवेट स्कूल अपनी फीस का ब्यौरा पोर्टल पर 2 सप्ताह में दर्ज करेंगे, लेकिन मध्यप्रदेश सरकार ने इसके लिए 6 सप्ताह का समय मांगा जो कोर्ट ने दे भी दिया। अक्टूबर 2021 में यह समय खत्म हो गया, लेकिन पोर्टल के बंद होने तक जनवरी 2022 में केवल 58.5 फीसदी प्राइवेट स्कूल ही पोर्टल पर अपनी फीस अपलोड कर सके थे। उसके बाद से यह पोर्टल स्थाई रूप से बंद हो चुका है।





**पोर्टल पर खुल ही नहीं रही लिंक:** मध्यप्रदेश एजुकेशन पोर्टल को जब आप ओपन करते हैं तो डेशबोर्ड पर आपको कई आप्शंस दिखाई देंगे। जब आप इसमें मध्यप्रदेश निजी विद्यालय विनियमन क्रियान्वयन प्रणाली पर क्लिक करेंगे तो यह लिंक ओपन ही नहीं होगा। लिंक पर क्लिक करने के बाद एक नया विंडो ओपन होगा जिसमें 404 - File or directory not found. लिखा आता है। यह वही लिंक है जिस पर जनवरी 2022 तक प्राइवेट स्कूलों की फीस का ब्यौरा दिख रहा था।

**बिना परमीशन 10 फीसदी से अधिक नहीं बढ़ा सकते फीस:** मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस विनियम अधिनियम 2017 मध्यप्रदेश में 2020 से लागू है। जिसके अनुसार प्राइवेट स्कूल हर साल सिर्फ 10 फीसदी ही फीस बढ़ाने के लिए स्वतंत्र है। इससे अधिक फीस वृद्धि के लिए इसी एक्ट के तहत गठित जिला कमेटियों को आवेदन करना होगा। कमेटी 3 साल की आडिट रिपोर्ट और अन्य दस्तावेजों के आधार पर ही फीस बढ़ाने की अनुमति देगी। वहीं अधिनियम की धारा 9 की उपधारा 1 और 7 के अनुसार यदि कोई पेरेंट्स फीस वृद्धी संबंधी शिकायत करता है और वह शिकायत सही पाई जाती है, तो स्कूल को बढ़ी हुई फीस स्टूडेंट को वापस करना होगी। जिला समिति उस स्कूल पर 2 से 6 लाख तक का जुर्माना भी लगा सकती है।

**नर्मदापुरम में समेरिन्टर्स स्कूल ने बढ़ाई दोगुनी तक फीस:** प्राइवेट स्कूल किस तरह शासन की नाकामियों का फायदा उठाते हैं, अब हम आपको इसका एक उदाहरण बताते हैं। नर्मदापुरम (पहले नाम होशंगाबाद) में समेरिन्टर्स स्कूल एक नामी गिरामी नाम है। पूरे जिले में इस स्कूल की अलग-अलग शहरों में 8 ब्रांच है। इस शैक्षणिक सत्र इस स्कूल ने फीस दोगुनी कर दी। पेरेंट्स ने बताया कि समेरिन्टर्स स्कूल पिपरिया में 2017-18 से अपने बच्चों को पढ़ा रहे हैं। प्रवेश के समय स्कूल को आईसीएसई से मान्यता प्राप्त बताया। जिसमें प्रतिवर्ष फीस वृद्धि भी की गई। इसके बाद शैक्षणिक सत्र 2023-24 में ट्यूशन फीस में अत्यधिक फीस वृद्धि कर दी गई। पिछले वर्ष जो फीस 1500 रुपए प्रतिमाह थी, इस वर्ष 3100 रुपए कर दी गई है। एक्टीविटी फीस पिछले वर्ष 2500 रुपए से बढ़ाकर 4000 रुपए कर दी। इस वर्ष 4000 रुपए से 5000 रुपए कर दी बस की फीस 600 से 1200 रुपए कर दी गई।

**जिन्होंने पहले नहीं की कोई कार्रवाई अब उन्हें ही जांच की जिम्मेदारी:** अचानक फीस में हुई बेतहाशा वृद्धि के बाद जब स्कूल प्रबंधन से कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिला और स्थानीय अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की तो पेरेंट्स ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर से इसकी शिकायत की। कलेक्टर ने जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को कहा। डीईओ एसपीएस बिसेन ने बताया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, जनपद शिक्षा केंद्र को जांच के आदेश दिए हैं। जबकि इस पूरे मामले की शिकायत पेरेंट्स पहले ही इन स्थानीय अधिकारियों को कर चुके थे। इन अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के बाद ही पेरेंट्स कलेक्टर के पास गुहार लेकर पहुंचे थे, लेकिन घूम फिरकर वापस इन्हीं अधिकारियों के पास जांच आ गई है। पेरेंट्स ने बताया कि जब भी स्कूल प्रबंधन से फीस संबंधी बात की जाती है तो वह कहते हैं कि यदि पढ़ाने की क्षमता नहीं है तो टीसी लेकर जा सकते हैं।जब इस पूरे मामले में द सूत्र ने समेरिन्टर्स स्कूल डायरेक्टर आशुतोष शर्मा का पक्ष जानना चाहा तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। व्हॉट्सएप पर मैसेज किया पर मैसेज पढ़ने के बाद भी कोई रिप्लाई नहीं दिया।

**स्कूलों को बचाने ही पोर्टल करा दिया बंद:** पालक महासंघ के महासचिव प्रबोध पांडे का सीधा आरोप है कि सरकार का प्राइवेट स्कूलों को खुला संरक्षण है। जिन स्कूलों ने अपनी तीन साल की पोर्टल पर फीस अपलोड की, उससे पेरेंट्स को यह पता चलने लगा कि इन्होंने एक साल में कितनी फीस बढ़ाई। जिसके आधार पर शिकायतें होने लगी। बढ़ती शिकायतों को देख और प्राइवेट स्कूलों को इससे बचाने के लिए पोर्टल ही बंद कर दिया गया। अब जब पोर्टल ही नहीं खुलेगा तो कोई भी पेरेंट्स कैसे स्कूल की फीस देख सकेगा। हालांकि, प्रबोध पांडेय का यह भी कहना है कि बीते तीन साल की फीस का ब्यौरा हर स्कूल को अपनी खुद की वेबसाइट पर भी अपलोड करना था, जो किया ही नहीं गया।

स म्पा द की य

# बेमौसम बारिश का असर

ऐसे तो बेमौसम बारिश और बादलों के कारण बीमारियां कुछ ज्यादा ही हो रही हैं। वहीं, कोरोना का भी इसी के चलते और ज्यादा फैलाव हो रहा है। लेकिन इसके अलावा बेमौसम बारिश से इस साल देश में गेहूं उत्पादन में भी 10 से 20 लाख टन तक की कमी आ सकती है। फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है और इसी तरह का अनुमान आटा मिल मालिकों द्वारा कराए गए एक निजी अध्ययन में भी लगाया गया था।

वैसे सरकारी अधिकारी के अनुसार, कुल उत्पादन पहले



के अनुमान के अनुसार अभी भी 11 करोड़ 20 लाख टन तक रहेगा। सरकार ने फरवरी में जारी अनुमान में कहा था कि इस बार 11 करोड़, 20 लाख टन से अधिक गेहूं उत्पादन होगा।

इंडियन एग्रीबिजनेस सिस्टम्स लिमिटेड और रोलर आटा मिलर्स के लिए एग्रीवॉच द्वारा किए गए अध्ययन में बताया गया है कि बेमौसम बारिश के बावजूद गेहूं का उत्पादन 10 करोड़, 30 लाख टन रहेगा। पहले यह उत्पादन लगभग 10 करोड़, 40 लाख टन होने का अनुमान लगाया गया था। यानि, इसका मतलब है कि इस साल बेमौसम बारिश से 10 से 20 लाख टन गेहूं का उत्पादन कम हो सकता है।

यदि सरकार की बात करें तो केंद्र सरकार के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि बेमौसम बारिश से गेहूं के उत्पादन में कोई खास कमी नहीं आएगी। खाद्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव सुबोध सिंह कहते हैं, आप जो भी आंकड़ा लें, हमें पूरा विश्वास है कि इस साल गेहूं का उत्पादन बेमौसम बारिश के बाद भी पिछले साल की तुलना में लगभग 50 से 55 लाख टन अधिक रहेगा। उन्होंने कहा कि पिछले साल सरकार और उद्योग द्वारा अनुमानित गेहूं उत्पादन में अंतर था। सरकारी रिकार्ड बताता है कि इस साल फसल अनुमानों में कुछ समानताएं हैं। पहला यह है कि गेहूं के रकबे में 3-5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, दूसरा- बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से लगभग 10 से 20 लाख टन उत्पादन का नुकसान होगा और तीसरा यह है कि पिछले साल की तुलना में इस साल 50-55 लाख टन अतिरिक्त उत्पादन होगा। 2022-23 में सरकार ने 10 करोड़, 77 लाख टन गेहूं उत्पादन का अनुमान लगाया था। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की खरीदी चल रही है और अब तक लगभग 7 लाख टन खरीदी हो चुकी है, जो पिछले साल में इसी अवधि की तुलना में 2 लाख टन अधिक बताई जा रही है। लक्ष्य अभी दूर है। मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में बेमौसम बारिश और कई जगह ओले गिरने के कारण फसलें खराब हुई हैं। जहां खेतों में फसलें बिछ गई थीं, जहां गेहूं पक गया था, वहां झड़ गया। लेकिन कई जगह पूरी तरह पका नहीं था। सो बेकार होने का दावा किया जा रहा है।

इसके अलावा सैकड़ों हेक्टेयर में लगे गेहूं की चमक भी फीकी हो गई है। सरकार कह जरूर रही है कि कम चमक वाला या पतला गेहूं भी खरीदेगी, इसके आदेश भी दिए गए हैं, लेकिन इसकी कीमत कम दी जा रही है। प्राइवेट सेक्टर में बेचने वालों को और ज्यादा घाटा हो रहा है। किसानों की तकलीफ यही है। मध्यप्रदेश जैसे राज्य में तो हजारों क्विंटल गेहूं सीधे व्यापारियों को बेचा जा रहा है, या बेचना पड़ रहा है, क्योंकि सरकारी खरीद के लिए एक तो लाइन लगानी पड़ती है। दो-तीन दिन तक इंतजार में ट्रालियां खड़ी रखनी पड़ती हैं। और इसके बाद खरीदे गए गेहूं का तत्काल भुगतान नहीं होता है। कई बार तो दो-तीन महीने बाद तक पूरा भुगतान होता है। व्यापारी या बड़ी कंपनियां सीधे तत्काल भुगतान कर देती हैं। इसलिए किसान उन्हें बेच देता है, भले ही उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ जाता है।

फिलहाल सरकार कुछ भी कहे, बेमौसम बारिश से फसलों पर भी असर पड़ा है, अनाज की गुणवत्ता भी गड़बड़ हुई है। और किसान निराश भी दिख रहा है। नुकसान तो उसका ही हुआ है। आगे के बीज और खाद के लिए बहुत छोटे किसान को अब समस्या आएगी। सरकारें राहत, मुआवजा और ब्याज विहीन कर्ज की बात तो करती हैं, लेकिन सही समय पर उचित राहत सही हितग्राही को मिल ही नहीं पाती। फायदा, अधिक बड़े किसानों तक सिमट कर रह जाता है।

# मीडिया पर प्रतिबंध, अभिव्यक्ति की आज़ादी पर प्रतिबंध

**राकेश दुब**

देश की शीर्ष अदालत ने सत्ताधीशों को आईना दिखाया है। शीर्ष अदालत ने मलयालम चैनल मीडिया वन पर लगे प्रतिबंध को हटाते हुए सरकार को यह नसीहत दी है। याद कीजिए, केंद्रीय सूचना व प्रसारण और गृह मंत्रालय ने इस मलयालम चैनल मीडिया वन को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये खतरा बताते हुए बीती 31 जनवरी को इस पर रोक लगायी थी।

याद कीजिए, उस कहावत को कि मजबूत लोकतंत्र के लिये मीडिया की आजादी ज़रूरी है। इसी तथ्य को एक बार फिर दोहराकर देश की शीर्ष अदालत ने सत्ताधीशों को आईना दिखाने का ही प्रयास किया है। शीर्ष अदालत की पीठ ने यह भी कहा कि चैनल के शेयरधारकों का जमात-ए-इस्लामी हिंद से जुड़ाव का दावा चैनल के अधिकारों को प्रतिबंधित करने का वैध आधार भी नहीं है।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस हिमा कोहली की पीठ ने बीते बुधवार कहा कि सरकार मीडिया की आजादी पर अनुचित प्रतिबंध नहीं लगा सकती। ऐसा करने से लोकतंत्र में जनता की अभिव्यक्ति की आजादी बाधित होती है। कोर्ट ने माना कि सूचना माध्यमों की आजादी से ही मजबूत लोकतंत्र संभव है।



शीर्ष अदालत ने इस सर्वविदित तथ्य को भी दोहराया कि मीडिया का दायित्व है कि वह सच को सत्ता के सामने लाये। साथ ही जनता के सामने वास्तविक तथ्य पेश करे ताकि जनता में तार्किक सोच से बेहतर विकल्प चुनने की सोच विकसित हो सके। सही मायनों में मीडिया की आजादी पर प्रतिबंध एक तरह से जनता की अभिव्यक्ति पर ही प्रतिबंध है। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि राजनीतिक विचारधारा से सामाजिक व आर्थिक मुद्दों का निर्धारण लोकतंत्र के लिये चुनौती पेश करने वाला है। साथ ही यह भी कि राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर कानूनन हुए नागरिक सुधारों को बाधित नहीं किया जा सकता। इतना ही नहीं, कोर्ट ने केरल हाईकोर्ट द्वारा सरकार की ओर से लगाये गये प्रतिबंधों को जारी रखने वाले आदेश को भी खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत का मानना था कि स्वस्थ लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी अपरिहार्य है।

हाल के दिनों में सत्ताधीशों को रास न आने वाले मीडिया संस्थानों पर भृकुटि टेढ़ी करने के तमाम वाकये सामने आये हैं। मीडिया के प्रति सहिष्णुता का जो भाव आजादी के बाद की सरकारों में नजर आता था, वह अब नजर नहीं आता। कहीं न कहीं सरकारों की कोशिश रही है कि जनचेतना को प्रभावित करने वाले मुखर आलोचक संस्थानों पर येन-केन-प्रकारेण दबाव बनाया जाये ताकि वे सत्ताधीशों की इच्छा के अनुसार खबरों के प्रसारण करने को बाध्य हों। इसमें दो राय नहीं कि कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा अपने आर्थिक हितों तथा राजनीतिक दल विशेष की विचारधारा से प्रभावित नीतियों के चलते पत्रकारिता की लक्ष्मण रेखा के उल्लंघन के मामले भी प्रकाश में आये हैं। लेकिन इसके बावजूद मीडिया का बड़ा वर्ग लोगों तक तथ्यों पर आधारित सूचना पहुंचाने के प्रयासों में निरंतर लगा रहा है। कई राज्यों में राजनीतिक दल व धर्म विशेष की विचारधारा वाले प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का दखल रहा है, लेकिन इसके बावजूद लोकतंत्र के व्यापक दायरे में मीडिया की आजादी समय की जरूरत है।

सजग व स्वतंत्र मीडिया ही समाज में स्वस्थ व प्रगतिशील विचारधारा के पोषण में सहायक होता है। मीडिया को भी तटस्थता व निष्पक्षता के साथ सूचना संप्रेषण का दायित्व निभाना चाहिए। जब भी कोई मीडिया संस्थान मर्यादा की रेखा का उल्लंघन करता है और राजनीतिक दल या विचारधारा विशेष से प्रभावित होता है तो समाज में स्वत- ही उनकी स्वीकार्यता को आंच आती है। ऐसी ही स्थिति में सरकारों को हस्तक्षेप के लिये मौका मिलता है। निस्संदेह, पत्रकारिता एक ऋषिकर्म की तरह होती है। बिना किसी आर्थिक प्रलोभन और नैतिक मूल्यों की रक्षा करते हुए यदि प्रेस जिम्मेदारी से भूमिका निभाती है तो जनता का सहयोग भी मिलता है। सही मायनों में प्रेस की आजादी जनता की अभिव्यक्ति की ही आजादी है। मीडिया को भी भारतीय संविधान के तहत उतनी ही आजादी मिली है, जितनी कि एक आम आदमी को हासिल है।

# अति की नियति, दुर्गति

**सरयूसुत मिश्रा**

पीएम मोदी का नाम बीजेपी की चुनावी सफलता का प्रतीक बन गया है. यह सब ऐसे ही नहीं हो सकता. अनुभवों की कठोर चट्टान पर जीवन निर्मित करने से जो अंतर्दृष्टि मिलती है उससे ही सत्य को देखा और महसूस किया जा सकता है. राजनीति में अति आत्मविश्वास जहर जैसा है. बीजेपी के शिखर पुरुष की नसीहत निश्चित ही हकीकत के करीब होगी. सबसे पहली बात तो यह कि उच्च स्तर पर जमीन की राजनीतिक सच्चाई की अनुभूति निश्चित ही सुधार का अवसर और प्रेरणा बनती है. बिना विश्वास के कोई सृजन संभव नहीं है. स्वयं के अतिरिक्त, स्वयं के सृजन का कोई और द्वार नहीं है. संतुलित और वास्तविक आत्मविश्वास जहां महान गुण होता है वहीं अति आत्मविश्वास जीवन में बड़ी अयोग्यता साबित होता है. नरेंद्र मोदी की नसीहत की भावनाओं को पार्टी कैडर द्वारा समझ कर अपने कदमों को साधना बीजेपी के लंबे राजनीतिक भविष्य के लिए सेतु बन सकता है.

मोदी के पहले और मोदी के बाद की बीजेपी का आकलन किया जाए तो बहुत साफ़ दिखाई पड़ता है कि मोदी नाम और मोदी काम से बीजेपी राजनीति के हिमालय पर पहुंच गई है. राजनीति की यह यात्रा जारी रखने के लिए जरूरी है कि पार्टी कैडर का राजनीतिक आचरण, व्यवहार संतुलित, मर्यादित होने के साथ ही अतिवाद से दूर रहे. प्रधानमंत्री मोदी शायद ऐसा ही संदेश बीजेपी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को देना चाह रहे हैं. राजनीति की जो भी बुराइयां हैं उससे बीजेपी भी अछूती नहीं कही जा सकती. तुलना करने पर यह जरूर दिखाई पड़ेगा कि प्रतिद्वंदियों की तुलना में बीजेपी बेहतर की हकदार है.

राजनीति में चुनावी सफलता और सत्ता के जरिए जनसेवा लोकतंत्र का मकसद होता है. केंद्रीय स्तर पर बीजेपी में अंतर्विरोध और टकराहट भले ही कम दिखाई पड़ती हो लेकिन राज्यों की राजनीति में बीजेपी में भी कमोबेश वैसे ही हालात हैं जैसे दूसरे दलों में होते रहे हैं. पॉवर में बैठा कार्यकर्ता ना मालूम क्यों सामान्य नहीं रह पाता. अहम की टकराहट अक्सर दिखाई पड़ती है. यहां तक कि मंत्रिमंडल में



भी अलग-अलग सुर सुनाई पड़ते हैं. संगठन के लिए समर्पित होने की बजाय कार्यकर्ता नेता के प्रति अधिक समर्पण को तरक्की का जरिया मानते हैं. सत्ता की राजनीति में बीजेपी आज उत्कर्ष पर है लेकिन इसके पहले कांग्रेस भी सत्ता की राजनीति में उत्कर्ष पर रही है. अति आत्मविश्वास ही धीरे-धीरे राजनीतिक ताकत को कमजोर करता जाता है और फिर पता ही नहीं चलता कि जय कब पराजय में बदल जाती है.

कर्नाटक में चुनाव की घोषणा हो चुकी है. छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश में चुनाव इसी साल होने हैं. कर्नाटक में बीजेपी के भीतर जिस तरह के अंतर्विरोध और गतिरोध दिखाई पड़ रहे हैं उससे पार्टी के सामने सत्ता में दोबारा वापसी की बड़ी चुनौती है. छत्तीसगढ़, राजस्थान में बीजेपी सत्ता में नहीं है. इसके बावजूद वहां राज्य के नेतृत्व और नेताओं के बीच सामंजस्य में कमी साफ साफ देखी जा रही है. दोनों राज्यों में तो अभी तक यह भी संदेश नहीं दिया जा सका है कि राज्य में चुनाव का नेतृत्व किसके हाथ में रहेगा. जहां तक मध्यप्रदेश का सवाल है शिवराज सिंह चौहान की पापुलैरिटी असंदिग्ध है. इसके बाद भी पार्टी अलर्ट मोड पर है . पिछले दिनों ही राज्य बीजेपी के नए कार्यालय के शिलान्यास के दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी समन्वय और एकता को मजबूत करने का आह्वान किया था।

राजनीति सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है. सेवा का यह माध्यम क्यों धीरे-धीरे निराशा और अविश्वास का कारण बनता जा रहा है? आज राजनीति पर आम लोगों को भरोसा कम होता जा रहा है. राजनीतिक दल एक दूसरे को भ्रष्ट साबित करने की होड़ में पूरी राजनीतिक प्रक्रिया को सवालों के घेरों में खड़ा कर रहे हैं. भ्रष्टाचार तो लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा कैंसर है. प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं को ये भी संदेश दिया है कि परिवारवाद और भ्रष्टाचार के खिलाफ बीजेपी की लड़ाई जारी रहेगी।

इतने बड़े देश में राजनीति और समाज की छोटी बड़ी सच्चाई प्रधानमंत्री तक पहुंचना और उस पर प्रतिक्रिया आना निश्चित रूप से लोकहित में ही कही जाएगी. सोशल मीडिया सूचनाओं के आदान-प्रदान में कारगर माध्यम के रूप में स्थापित हो गया है. प्रधानमंत्री के स्तर पर शायद सोशल मीडिया की बड़ी गंभीरता से मोनिटरिंग की जाती होगी इसीलिए सोशल मीडिया में तैरती जमीन की सच्चाई उनके चिंतन मनन में शामिल हो जाती है. लोकतंत्र में मजबूत नेता, मजबूत शासन व्यवस्था और शासन में स्थायित्व विकास की दीर्घकालीन रणनीति को कारगर ढंग से पूरा करती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक और बहुत महत्वपूर्ण बात कही है कि चुनाव जीतना एक बात है लेकिन बीजेपी का लक्ष्य देश के नागरिकों का दिल जीतना होना चाहिए. चुनाव तो हमेशा दिल तोड़ते हैं. जब भी कहीं चुनाव की बात आती है तो एक को चुना जाता है दूसरे को नकारा जाता है. चुनने और नकारने का द्वंद दिल जोड़ता नहीं बल्कि दिल तोड़ता है. सत्ता की राजनीति भले बहुमत मांगती हो लेकिन देश दिल का जुड़ाव ही मांगता है।

भारतीय राजनीति में आज अनावश्यक मुद्दों पर न केवल समय खराब किया जाता है बल्कि जन-धन भी बर्बाद हो रहा है. देश की संसद ठप पड़ी रहती है. संसद पर करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद केवल 34 प्रतिशत समय का ही उपयोग हो पाता है. देश के राजनीतिक दिलों में दल से ज्यादा देश रहेगा तो ऐसी अप्रिय परिस्थितियां बनने से रोकी जा सकती हैं. आजकल तो राजनीति में घृणा का खुला स्वरूप साफ देखा जा सकता है. जिसको घृणा की जा रही है उसको कितना नुकसान होता है यह तो समय पर पता चलता है लेकिन जिसने घृणा की है उसे तुरंत नुकसान हो जाता है. घृणा व्यक्ति में अशांति पैदा करती है और अशांति किसी भी व्यक्तित्व को नकारात्मक एवं अनप्रॉडक्टिव बना देती है. लोकतंत्र में किसी का भी अनप्रॉडक्टिव होना देश के लिए लाभदायक कभी नहीं कहा जा सकता है।

# वो बेटे-बेटियां जिन्होंने माता-पिता की पार्टी को नकारा

कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी के बेटे ने आखिरकार बीजेपी का दामन थाम लिया है। बीजेपी में उनका जाना जनवरी में ही तय हो गया था जब उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। हालांकि एके एंटनी ने अपने बेटे अनिल एंटनी के बीजेपी में शामिल होने के फैसले को गलत बताया हैं। लेकिन आपको बता दें कि भारतीय राजनीति में यह पहला मामला नहीं है जब कोई पिता-पुत्र अलग-अलग राजनीतिक दलों में हों। देश में ऐसे कई उदाहरण हैं। ऐसी कई राजनीतिक परिवार हैं, जहां एक ही परिवार के सदस्य अपनी-अपनी सियासत अलग-अलग दल के साथ कर रहे हैं। हम आपको बताने जा रहे हैं ऐसे ही कुछ खास परिवारों के बारे में जहां पिता और बेटा-बेटी ने अलग अलग दलों का दामन थाम राजनीति की।




**राजमाता विजयाराजे सिंधिया और माधवराव सिंधिया**

जनसंघ की संस्थापक सदस्यों में गिनी जाने वाली सिंधिया राजघराने की राजमाता विजयाराजे सिंधिया ने जहां कांग्रेस की राजनीतिक विरोधी जनसंघ की स्थापना में महत्ती भूमिका निभाई वहीं, उनके बेटे माधवराव सिंधिया कांग्रेस के दिग्गज नेता कहलाए। कई मौकों पर तो मां और बेटे के बीच राजनीतिक विचारधारा की लड़ाई खुलकर सामने भी आई। लेकिन महल का दखल चुनावी अखाड़ों में कम नहीं हुआ यहां तक की अटल बिहारी वाजपेयी को भी चुनाव में %महल% के सामने हार का मुंह देखना पड़ा था। माधवराव की बहनें वसुंधरा राजे, यशोधरा भी अपने मां के नक्शे कदम पर चलीं और आज बीजेपी की दिग्गज नेताओं में शामिल हैं। हालांकि साल 2020 में कमलनाथ सरकार गिराने के बाद माधवराव के बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया भी दादी की स्थापित की गई विचारधारा में शामिल हो गए।

**यशवंत सिन्हा और जयंत सिन्हा**

झारखंड की सियासत के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा और उनके बेटे जयंत सिन्हा अलग-अलग पार्टी में है। यशवंत सिन्हा बीजेपी छोड़कर ममता बनर्जी की टीएमसी का दामन थाम लिया था और राष्ट्रपति के चुनाव में विपक्षी दल की तरफ से उम्मीदवार थे जबकि जयंत सिन्हा बीजेपी से सांसद हैं और मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं। इन दोनों पिता पुत्र का राजनीतिक पार्टी भले अलग-अलग हैं लेकिन इन दोनों ने कभी एक-दूसरे के खिलाफ किसी तरह का व्यक्तव्य नहीं दिया।

**स्वामी प्रसाद मौर्य और संघमित्रा मौर्य**

उत्तर प्रदेश में स्वामी प्रसाद मौर्य और उनके बेटी संघमित्रा मौर्या अलग-अलग राजनीतिक दल के साथ हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य सपा के राष्ट्रीय महासचिव हैं तो बेटी संघमित्रा मौर्य बीजेपी से सांसद हैं। पिता समाजवादी विचारधारा की पैरोकारी कर रहे हैं तो बेटी राष्ट्रवादी और हिंदुत्व की विचारधारा के साथ खड़ी नजर आ रही है।

**रीता बहुगुणा जोशी और मयंक जोशी**

प्रयागराज से बीजेपी की सांसद रीता बहुगुणा जोशी और उनके बेटे मयंक जोशी अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों के साथ हैं। रीता बहुगुणा जोशी बीजेपी के साथ हैं तो मयंक जोशी समाजवादी पार्टी के साथ हैं। हालांकि, पहले पिता-पुत्र एक साथ बीजेपी में थे, लेकिन 2017 में मयंक जोशी को टिकट नहीं मिला तो नाराजगी जाहिर करते हुए आजमगढ़ में अखिलेश यादव की रैली में सपा से हाथ मिला लिया।

**अनुप्रिया पटेल और कृष्णा पटेल-पल्लवी पटेल:** केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और उनकी मां कृष्णा पटेल और बहन पल्लवी पटेल अलग-अलग पार्टी में है। अनुप्रिया पटेल और उनके पति आशीष पटेल अपना दल (एस) में हैं जबकि कृष्णा पटेल अपना दल कमेरावादी की अध्यक्ष हैं तो पल्लवी पटेल सपा से विधायक हैं। कृष्णा पटेल और पल्लवी पटेल एक साथ हैं तो अनुप्रिया और आशीष एक खेमे में है।

**केसी त्यागी और अमरीश त्यागी**

जेडीयू के दिग्गज नेता और पूर्व राज्यसभा सदस्य केसी त्यागी और उनके बेटे अमरीश त्यागी अलग-अलग राजनीतिक पार्टी के साथ हैं। केसी त्यागी मौजूदा समय में नीतीश कुमार के साथ हैं और जेडीयू में हैं तो अमरीश त्यागी बीजेपी के साथ हैं।

**उत्तरप्रदेश के राकेश पांडेय और रीतेश पांडेय**

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र से आने वाले दिग्गज नेता राकेश पांडेय और उनके बेटे रीतेश पांडेय अलग-अलग पार्टी के साथ हैं। राकेश पांडेय अंबेडकरनगर की जलालपुर सीट से सपा के विधायक हैं जबकि रीतेश पांडेय अंबेडकरनगर सीट से बसपा के सांसद हैं। हालांकि, एक समय पिता-पुत्र दोनों ही बसपा में थे, लेकिन 2017 विधानसभा चुनाव से पहले राकेश पांडेय ने सपा में शामिल हो गए हैं।

**यूपी के पूर्वांचल का अंसारी परिवार**

उत्तर प्रदेश का अंसारी परिवार पूर्वांचल की सियासत में एक बड़ा राजनीतिक घराना है, जो तीन पार्टियों के बीच बंटा हुआ है। बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से विधायक हैं। मुख्तार के भाई अफजल अंसारी बसपा से विधायक हैं, जबकि उनके बड़े भाई सिगबतुल्लाह अंसारी और भतीजे सुहैब अंसारी उर्फ मन्नू अंसारी सपा में है, मन्नु अंसारी सपा से विधायक हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# महिलाओं के सम्मान में एक और योजना महिला सम्मान बचत पत्र

छतरपुर। भारत सरकार द्वारा भारतीय डाक विभाग के माध्यम से संचालित बैंकिंग सुविधाओं के अंतर्गत देश की महिलाओं के सम्मान में एक और योजना का शुभारंभ किया गया है जो ÷महिला सम्मान बचत पत्र के नाम से संचालित की जाएगी। यह बचतपत्र केवल महिलाओं अथवा बच्चियों के नाम से ही जारी किया जाएगा। यह स्कीम एवं बचत पत्र दो वर्ष के लिए संचालित रहेगा, जिसमें 7.5 प्रतिशत दर से प्रतिवर्ष ब्याज मिलेगा, बचत पत्र में कम से कम 1000 हजार रूपए एवं अधिकतम 2 लाख रूपए जमा किए जा सकते हैं और आवश्यकता पड़ने पर बचत पत्र जारी होने के एक वर्ष बाद जमा राशि का 40 प्रतिशत बचत पत्र धारक द्वारा अपने उपयोग हेतु निकाला जा सकता है। आम नागरिकों से अपील है अपने नजदीकी डाकघर में पहुंचकर महिला सम्मान के लिए भारत सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2023 से जारी इस समयबद्ध योजना का लाभ प्राप्त करें।

# मयंक अग्रवाल ने दमोह कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया



दमोह । जिले के नवागत कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने शुक्रवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसी के साथ उन्होंने कहा कि दमोह जिले में हमारी पूरी टीम की कोशिश यही रहेगी कि ज्यादा से ज्यादा अच्छे से काम करें और जो हितग्राही मूलक जो भी योजनाएं है, उसमें लोगों को भटकना ना पड़े, यही हमारी प्राथमिकता रहेगी। इस आशय के साथ कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने पदभार ग्रहण उपरांत यह बात कही। दमोह क्षेत्र सूखा क्षेत्र भी है जिससे पेयजल की समस्या रहती है, उस पर भी जरूर काम किया जाएगा। शहर को स्वच्छ शांतिपूर्ण बनाए रखने हर संभव प्रयास किए जाएंगे। जिले की जनता अपनी समस्या लेकर कभी भी आ सकती उसका जल्द निराकरण किया जायेगा। सरकार की योजनाओं का अधिक अधिक से लाभ मिल सके इसकी कार्ययोजन बनाई जायेगी।

**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के प्रशासक बने** : दमोह कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दमोह के प्रशासक का पदभार भी ग्रहण कर लिया है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत अजय श्रीवास्तव, एडिशनल कलेक्टर नाथूराम गौड़, एडिशनल एसपी शिव कुमार सिंह, एसडीएम गगन बिशेन सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे।

# आईपीएल सट्टा पकड़ा, एक लाख बरामद

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिह भदौरिया द्वारा अवैध रुप से आईपीएल सट्टा चलाने वालों के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत जीरो टॉलरेंस अपनाने के आदेश दिये गये हैं। उक्त आदेश के पालन में अति. पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में शुक्रवार को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि संजीव जैन उर्फ ओपी पुत्र पूरन चन्द्र जैन उम्र 45 साल निवासी ग्रामीण बैंक के पास खनियाधाना का अपने जनरल स्टोर की दुकान पर मोबाइलों से ग्राहको की आईडी बनाकर आईपीएल क्रिकेट मैचो पर हारजीत का दाव लगवाकर ग्राहको को सट्टा खिलवा रहा है ।उक्त सूचना के आधार पर दविस दी गई तो आरोपी संजीव जैन उर्फ ओपी पुत्र पूरन चन्द्र जैन उम्र 45 साल निवासी ग्रामीण वैक के पास खनियाधाना आईपीएल मैच पर सट्टा खिलाते हुये रंगे हाथो पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से 1,00,500 रुपये नगद तथा दो एड्राइड मोवाइल जिसमे ग्राहको की आईडी बनी है जिसे जप्त किया गया है । आरोपी के विरूध्द धारा 4(क) जुआ एक्ट का अपराध कायम किया गया था तथा आरोपी से अन्य आईपीएल सट्टा खिलाने वालो के सम्बंध विस्तृत पूछताछ की जा रही है ।

# दो दिन बाद दुल्हन, आशिक के साथ फिल्मी स्टाइल में फरार

शिवपुरी- जिले सिटी कोतवाली क्षेत्र में बेटे की शादी की खुशियां 48 घंटे बाद सामाजिक बेइज्जती में बदल गई,जब ससुराल में कदम रखने के मात्र दो दिन बाद दुल्हन का आशिक फिल्मी स्टाइल से उसे ले गया। उधर बहू के मायके वाले फोन तक नहीं उठा रहे है,थक हार कर अब इस बहू से प्रताड़ित परिवार ने पुलिस की शरण ली है। एसपी ऑफिस पहुंची दूल्हे की मां ने बताया कि बेटे की शादी अपने पूरे अरमानो के साथ धूमधाम से की। बेटे की सगाई श्योपुर जिले के गसमानी थाना सीमा में आने वाले गांव सहसराम में हुई थी। 3 अप्रैल को धूमधाम से बेटे की बारात सहसराम गई थी और 4 अप्रैल को बारात सहसराम से वापस लौटी थी। बहु को अभी 48 घंटे ही नहीं गुजरे तो उसका आशिक नीरज अपने साथियों के सहित ससुराल आ धमका और कहने लगा कि यह मेरा प्यार है और यह भी मुझ से प्यार करती है। इसके बाप ने जबरिया इसकी शादी की है। अब इसमें लेने आया हूं,अगर तुमने रोकने की कोशिश की तो सही नहीं होगा,बहू भी नीरज के साथ जाने की जिद करने लगी।

# पूर्णाहुति भंडारे के साथ समापन हुई संगीतमय शिव महापुराण कथा

ओबेदुल्लागंज। ग्राम साजड़ी में चल रही शिवमहापुराण कथा का समापन पूर्णाहुति व भंडारे के साथ संपन्न हुआ इस अवसर पर आचार्य कुलदीप मिश्रा ने इक्ष्वाकु वंश में जन्मे राजा त्रिशंकु की कथा सुनाते हुए कहा कि त्रिशंकु को अत्यधिक रूप से अभिमान उत्पन्न हो गया था उसी अभिमान के कारण वह अपने गुरु का अपमान किया और अपने गुरु वशिष्ट के पास जाकर कहता है कि हमे शरीर सहित स्वर्ग लोक पहुंचा दें पूज्य गुरु वशिष्ट जी ने बहुत समझाया कि यह संभव नहीं है लेकिन अपनी गुरु की अवहेलना करके वह विश्वामित्र जी के पास पहुंचता है और कहता है कि आप हमें स्वर्ग लोक पहुंचा दें उसी समय पर वशिष्ठ जी और विश्वामित्र जी का मनभेद चल रहा था।

# बरेठ परीक्षा केंद्र पर फर्जीवाड़ा: जिलाधीश बोले-जांच कराकर करेंगे कार्यवाही

## शिक्षा विभाग जांच को लेकर दे रहा गोलमोल जबाब, विभागीय कर्मचारियों को बचाने के लग रहे आरोप

**गंजबासौदा- (प्रमोद सिंह राजपूत)।** बरेठ परीक्षा केंद्र पर कक्षा 5 व 8 की परीक्षा में हुए फर्जीवाड़े व वास्तविक छात्रों की जगह फर्जी छात्रों से परीक्षा दिलाने के आरोप को करीब 10 दिन बीत चुके हैं लेकिन शिक्षा विभाग जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति करता नजर आ रहा है और पूरी जांच में मीडिया को गोलमोल जवाब दे रहा है जिसके बाद शिकायत कर्ताओं के द्वारा शिक्षा विभाग पर अपने विभागीय कर्मचारियों को बचाने के आरोप लग रहे हैं जब दैनिक सांध्य प्रकाश अखबार के संवाददाता की बात शिकायत कर्ताओं से हुई तो उन्होंने कहा कि हमारे पास फर्जी छात्रों के द्वारा परीक्षा कराए जाने के पूर्ण साक्ष्य हैं हमारे पास ऑडियो और वीडियो उपलब्ध हैं जिसमें स्वयं छात्र यह बोलते नजर आ रहे हैं की हमारे द्वारा दूसरे छात्र के स्थान पर हमसे परीक्षा दिलवाई जा रही थी लेकिन जैसे ही मीडिया की टीम आई शिक्षकों ने हमें खिड़की से भगा दिया शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि उसके पास ऐसा ऑडियो भी है जिसमें एक शिक्षक ने स्वयं बताया कि परीक्षा में उस दिन 17 फर्जी छात्र बैठे थे जबकि पांचवी की परीक्षा में तो उससे भी अधिक फर्जी छात्र थे पूरे ऑडियो वीडियो होने के बाद भी शिक्षा विभाग जांच के नाम पर केवल टालमटोल और लीपापोती करता नजर आ रहा है जब पूरे मामले में जांच अधिकारी डीपीसी शिक्षा विभाग एसपी सिंह जाटव से बात हुई तब उन्होंने कहा कि हमने पूरी जांच कर ली है और आज हम जांच जिला शिक्षा अधिकारी श्री चौधरी को सौंपेंगे साथ ही जांच अधिकारी ने यह भी कहा कि हैंड राइटिंग की जांच मूल्यांकन के बाद हो पाएगी अब प्रश्न यह उठता है कि जब पूरी परीक्षा ही फर्जी है फर्जी छात्रों के द्वारा परीक्षा दी गई है जब ऐसे छात्रों का मूल्यांकन किस आधार पर किया जा रहा है और मूल्यांकन में फर्जी छात्र पास होता है तब इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी जांच तो मूल्यांकन के पूर्व होना चाहिए और अगर परीक्षा फर्जी है तो उस तारीख की परीक्षा निरस्त होनी चाहिए व दोषियों पर कार्रवाई होना चाहिए लेकिन पूरे मामले में शिक्षा विभाग टालमटोल करता नजर आ रहा है जिससे पूरे शहर में चर्चा का माहौल है कि शिक्षा विभाग अपने विभागीय कर्मचारियों को बचाने का प्रयास में जुटा है जब पूरे मामले में विदिशा जिले के कलेक्टर उमाशंकर भार्गव से बात हुई तब उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुझे आपके द्वारा पूरे मामले की जानकारी लगी है मैं पूरे मामले में स्वयं जांच करा कर दोषियों पर कार्यवाही करूंगा7



### जांच अधिकारियों ने मीडिया से बनाई दूरी

पूरे मामले में जांच पर प्रश्न चिन्ह लगने का एक बड़ा कारण यह भी है कि शिकायत कर्ताओं ने बताया कि जांच अधिकारियों ने पूरे मामले में मीडिया से दूरी बनाए रखी जांच बंद कमरे में हो गई ना तो मीडिया को बताया गया नाही शिकायत कर्ताओं को बुलाया गया पूरे मामले में आरोप लगाने वाले पक्ष से ना ही साक्ष्य मांगे गए नाही ऑडियो वीडियो सुने गए एक तरफा एक पक्षीय जांच करके पूरे मामले को रफा-दफा करने के भी आरोप लग रहे हैं साथ ही जब शिक्षा विभाग स्वयं दोषी है तो अपने ही विभाग पर कार्यवाही विभाग कैसे करेगा यह भी आरोप शिकायतकर्ताओं द्वारा लगाए जा रहे हैं शिकायत कर्ताओं का कहना है कि पूरे मामले में निष्पक्षता से जांच तभी संभव है तब जिलाधीश महोदय किसी अन्य विभाग के अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराएं तब दूध का दूध और पानी का पानी स्पष्ट हो जाएगा और दोषियों पर भी कार्यवाही संभव है7

### शिकायत कर्ताओं पर फर्जी परीक्षा के हैं पूर्ण साक्ष्य-

पूरे मामले में शिकायत कर्ताओं पर परीक्षा केंद्र पर हुई कक्षा 5 वी व 8 वी की परीक्षा के पूर्ण साक्ष्य हैं दैनिक सांध्य प्रकाश अखबार से चर्चा में शिकायत कर्ताओं ने बताया कि अगर जांच दल ने कुछ भी लीपापोती की तो हम पूरे साक्ष्यों को लेकर जिलाधीश महोदय समेत वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करेंगे शिकायत कर्ताओं ने यह भी बताया कि उनके पास पूरे मामले के ऑडियो व वीडियो भी हैं जिसमें फर्जी परीक्षा देने बाले छात्रों ने स्वम् कबुला की वह फर्जी तौर पर परीक्षा दे रहा था जैसे ही मीडिया के सदस्य आये शिक्षकों ने मुझे खिड़की से कुदा कर भगा दिया पूरे मामले में एक ऑडियो किलिप भी शिकायत कर्ताओं पर है पूरे मामले में 17 बच्चों के फर्जी तौर पर परीक्षा में शामिल होने की बात सामने आ रही है।

### इनका कहना है

आपके द्वारा मुझे पूरे मामले की जानकारी लगी है में पुरे मामले की जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही करूंगा7

**उमाशंकर भार्गव, कलेक्टर, विदिशा**

मेरे पास अभी जांच की रिपोर्ट आई नहीं है जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कह पाना सम्भव होगा,लेकिन पूरी जांच मूल्यांकन के बाद ही होगी जो भी दोषी होगा उस पर कार्यवाही निश्चित होगी7

**डीएस चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी, विदिशा**

मेरे द्वारा जांच पूरी कर ली गई है में आज जांच रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी महोदय को सौप दूंगा आगे की कार्यवाही वह करेंगे7

**एसपी सिंह जाटव, डीपीसी, शिक्षा विभाग, विदिशा**

### क्षत्रिय समाज की बैठक सम्पन्न

# दद्दा ललौनी प्रदेश उपाध्यक्ष, गोविन्द सिंह जिलाध्यक्ष एवं विक्रम सिंह परिहार जिला मीडिया प्रभारी बने

छतरपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शिवराम सिंह सिकरवार, महामंत्री अशोक सिंह तोमर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश सिंह परिहार का आज शुक्रवार को छतरपुर आगमन हुआ। क्षत्रिय महासभा के इन नेताओं का जगह-जगह पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। छतरपुर आगमन पर सागर रोड स्थित एक निजी होटल में इन पदाधिकारियों की मौजूदगी में महासभा की बैठक हुई जिसमें संगठन का विस्तार करते हुये जीतेन्द्र सिंह तोमर दद्दा ललौनी को प्रदेश उपाध्यक्ष, गोविन्द सिंह चंदेल बगौता को जिलाध्यक्ष एवं पत्रकार विक्रम सिंह परिहार को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

जिला मीडिया प्रभारी बने विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि इस समय देश में क्षत्रिय समाज की घोर उपेक्षा हो रही है। चाहे वह राजनीति का क्षेत्र हो या समाजिक हर क्षेत्र में इस समाज की उपेक्षा की जा रही है। हम शैक्षणिक दृष्टि से भी दूसरे समाजों तुलना में पिछड़े हुये हैं इसलिये समाज को आगे बढ़ाने के लिये महासभा का गठन किया गया है। महासभा के पदाधिकारी देशभर में दौरे कर समाज को जागरूक कर रहे हैं। आज महासभा के प्रदेश पदाधिकारियों का छतरपुर आगमन हुआ जिनका अलीपुरा स्थित टोल प्लाजा पर मानवेन्द्र सिंह तोमर हरपालपुर के नेतृत्व में क्षत्रिय समाज के युवाओं द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद फौजी ढाबा में नीरपत सिंह, जयसिंह परमार, कुलदीप सिंह तोमर, राजूराजा बुंदेला के नेतृत्व में स्वागत किया गया। छतरपुर में महासभा के युवा इकाई जिलाध्यक्ष रवि प्रताप सिंह गब्बर राजा के नेतृत्व में हर्ष सिंह चौहान, जीतेन्द्र सिंह, शिवप्रताप सिंह, कमलेन्द्र सिंह, आनंद सिंह, पवन सिंह, संतोष सिंह, के.पी.राज सिंह बघेल, धनेन्द्र सिंह तोमर, आदि ने प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। स्वागत उपरांत बैठक हुई जिसमें भारी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग शामिल हुये जिन्होंने प्रदेश पदाधिकारियों को अपनी-अपनी समस्यायें बताईं। क्षत्रिय समाज के लोगों का कहना था कि इस समय हमारी जितनी उपेक्षा हो रही है उतनी कभी नहीं हुई। अत~हमें संगठित होना पड़ेगा। बैठक में पवन राजावत,चिंटू राजा,चंदू राजा मातगुवां ,धर्मेंद्र सिंह बुंदेला पटिया, बड़े भाई ठाकुर लालोनी, अभय सिंह चौहान, सुंदरम सिंह परिहार, दीपक सिंह परिहार, चंदेल माटसाहब बरखेड़ा, झल्लू राजा छिरावल, सचिन सिंह चंदेल देरी, भगवान सिंह चौहान चौका, हाकम सिंह बुंदेला मातगुवां ,शांतनु सिंह, कौशलेंद्र चौहान, भूरे राजा, इंद्रपाल सिंह ढड़ारी,रुद्र प्रताप सिंह (रुद्दु राजा) विवेक राजा , नागेंद्र सिंह रशुईया, मोहित राजा लालोनी, मानवेन्द्र सिंह कतरवारा,प्रीतम सिंह राठौर छतरपुर, राघवेंद्र सिंह सेंगर, कमलेन्द्र सिंह चंदेल बगौता, शनीराजा चंदेल बगौता,लकी राजा बगौता,आदित्य सिंह शेलू राजा बगौता, रवि प्रताप सिंह गब्बर राजा , हर्ष चौहान, जीतेन्दर सिंह, शिव प्रताप सिंह कमलेन्द्र सिंह आनंद सिंह पवन सिंह सन्तोष सिंह कीर्ति सिंह बघेल धननेद्र सिंह तोमर, विक्रम सिंह परिहार शामिल रहे।




# निकिता तिवारी को बेटी की तरह किया विदा

रोहित चौधरी बरेली। सोमवार को नगर वासियों और क्षेत्र के वरिष्ठ लोगों द्वारा बरेली तहसीलदार निकिता तिवारी को डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदोन्नत होने नर्मदा गार्डन बरेली में पदोन्नति सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया 7 ढोल बाजे और भव्य जुलूस के साथ तहसीलदार निकिता तिवारी को तहसील कार्यालय बरेली से आयोजन स्थल तक लाया गया इस बीच नगर के लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया इस आयोजन में जनप्रतिनिधि विधायक देवेंद्र पटेल पूर्व विधायक रामकिशन पटेल से लेकर अधिकारी पत्रकार समाजसेवी और बरेली नगर के नगर वासियों सहित क्षेत्रवासियों ने शिरकत की तहसीलदार निकिता तिवारी को डिप्टी कलेक्टर बनने पर बधाई का तांता लगा रह बरेली नगर के इतिहास में यह पहला आयोजन है जो किसी अधिकारी की पदोन्नति पर सम्मान के लिए और विदाई के लिए आयोजित किया गया बरेली की जनता ने कभी किसी अधिकारी को इतना सम्मान नहीं दिया और ना ही इतिहास में ऐसा आयोजन हुआ ऐसे तो कई अधिकारी बरेली नगर में तहसीलदार पद पर आए और चले गए लेकिन तहसीलदार निकिता तिवारी एक ऐसी संवेदनशील अधिकारी रही



जिन्होंने सत्ता संगठन मैं बैठे लोगों के साथ आमजन के बीच में अपनी अकल छवि बनाई? क्षेत्र में श्री तिवारी को दीदी के नाम से जाना जाता है जब भी बरेली अनुविभाग क्षेत्र में लाईनऑर्डर और संवेदनशील स्थिति बनती थी उस विकट स्थितियों में तहसीलदार निकिता तिवारी ही उन स्थितियों को संभालती थी जिस कारण अधिकारियों से लेकर आमजन तक निकिता तिवारी के चर्चे होते हैं कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने तहसीलदार निधि तिवारी के कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के प्रशंसा की इस बीच तहसीलदार निकिता तिवारी ने कार्यकाल के अनुभव साझा किए 2008 में नायब तहसीलदार के रूप में बरेली में सेवाएं दी फिर 2018 में तहसीलदार के रूप में बरेली को सेवाएं दी ।



# लुगासी में दो दिवसीय उर्स मुबारक कल से शुरू होगा

नौगांव-शहर से 15 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम लुगासी में हजरत लुकमान शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह शरीफ में हजरत मुबारक हुसैन रहमतुल्लाह अलैह का दो दिवसीय सालाना उर्स मुबारक का आयोजन कल से शुरू हो रहा है। हजरत मुबारक हुसैन ( भाई जान ) रह0अलै0 का दो दिवसीय सालाना उर्स मुबारक 9 एवं 10 अप्रैल को पूरी शिद्दत के साथ मनाया जा रहा है। कमेटी ने सभी चाहने वालों से पुरजोर अपील की है कि वह ज्यादा से ज्यादा तादाद में पहुँच कर सवाबे दारेन हासिल करें । जानकारी के अनुसार पहले दिन 9 अप्रैल को बाद नमाज़ फजिर कुरानख्वानी, सुबह 7 बजे गुसल सन्दल, 10 बजे से नातिया प्रोग्राम1बजे तक, 2 बजे चादर पोशी , 3 बजे से लंगर एवं शाम को रोजा अफ्तार होगा । इसी तरह 10 अप्रैल को बाद नमाज़ फजिर कुरानख्वानी , 9 बजे से 12 बजे तक नातिया प्रोग्राम, साढे बारह बजे कुल शरीफ की फातहा, 2बजे से लंगर एवं शाम को रोजा अफ्तार होगा। खादिम डॉक्टर लियाकत अली, डॉक्टर बरकत अली, यासीन अली लुगासी ने सभी चाहने वालों से गुजारिश की है कि वह उर्स मुबारक में ज्यादा से ज्यादा तादात में पहुँच कर सबाबे दारैन हासिल करें ।

**NAME CHANGE**

The general public is informed that we, Anuj Kumar and Anupama Kaithvas, a son born on 21/10/2013 after the marriage on 07/03/2011, whose present name is REISSAN, our son is known and identify by the name REISSAN and in the important documents of our son, his name is mentioned as REISSAN. We wish to change our son's name from REISSAN to "RISHAAN KUMAR by joint consent, and in future our son will be known and identify as RISHAAN KUMAR and in future his name will be RISHAAN KUMAR in all necessary / important documents.

**Current Name -REISSAN (son), Anuj Kumar (father) Changed Name - RISHAAN KUMAR (son), Anuj Kumar (father)**

**NAME CHANGE**

The general public is informed that we, Anuj Kumarand Anupama Kumar Kalthvas, a son born on23/03/2012 after themarriage on 07/03/2011,whose present name is ANM, our son is known and identify by the name ANM, and in the important documents of our son, his name is mentioned as ANM. We wish to change our son's name from ANM to "SHIVAAY KUMAR" by joint consent, and in future our son will be known and identify as SHIVAAY KUMAR and in future his name will be SHIVAAY KUMAR in all necessary/ important documents.

**Current Name -ANM (son) Anuj Kumar (father) Changed Name - SHIVAAY KUMAR (son), Anuj Kumar (father)**

# मुख्यमंत्री जी लंबित समस्याओं पर धरना प्रदर्शन करने हमें बाध्य न करें: शिक्षक संघ

शहडोल। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश जिला शाखा शहडोल द्वारा अध्यापक शिक्षक संवर्ग के हितार्थ विगत वर्षों में लिए गए निर्णयों के लिए तथा ब्यौहारी शुभ आगमन पर अपने परिवारों सहित आभारी है मध्य प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री जी आपके द्वारा विगत वर्षों में अध्यापक शिक्षक संवर्ग को छठवें वेतनमान, सातवें वेतनमान एवं शासकीय कर्मचारी का दर्जा प्रदान करने जैसी अनेक सौगातें प्रदान की गई है, लेकिन विगत वर्ष 2018 से आपके द्वारा अपने चहेते अध्यापक शिक्षक संवर्ग के भाइयों बहनों को किसी सभा या सम्मेलन के माध्यम से सम्बोधित नहीं किया गया है और न ही वर्ष 2018 से आज दिनांक तक प्रदेश के लाखों अध्यापक शिक्षक संवर्ग जो आपके एवं आपकी सरकार के ऋणी है, वे आपसे रूबरू होकर अपनी लंबित समस्याओं को अवगत नहीं करा पा रहे हैं।अनिल पटेल जिलाध्यक्ष आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश जिला शाखा शहडोल ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से की मांग आपके चहेते अध्यापक शिक्षक संवर्ग को रूबरू करवाने के लिए ÷आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश÷ द्वारा अनेक बार आपसे मिलकर अध्यापक शिक्षक संवर्ग का सम्मेलन आयोजित करने के लिए प्रयास किये गए, लेकिन आपसे चर्चा एवं मुलाकात के आभाव के कारण मध्यप्रदेश में आपके मुख्य आतिथ्य में आज तक शिक्षक संवर्ग का कोई सम्मेलन आयोजित नहीं हो पाया है, जिसके कारण आपका अध्यापक शिक्षक संवर्ग आपके मार्गदर्शन के आभाव में दिशाविहीन होकर अपनी लंबित समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ता है।

मुख्यमंत्री जी,आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ÷ जिला शाखा-शहडोल आपसे अपनेअध्यापक शिक्षक संवर्ग की निम्नलिखित मांगों और समस्याओं का निराकरण करने का अनुरोध करता है:-

**पुरानी पेंशन:** अध्यापक शिक्षक संवर्ग को भी पुराने शिक्षक संवर्ग की भाँति अंशदाई पेंशन के स्थान पर पुरानी पेंशन लागू की जावे।

**क्रमोन्नतिध्समयमान वेतनमान:** 12 और 24 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग में कार्यरत अध्यापक शिक्षक संवर्ग की लम्बित क्रमोन्नति या समयमान वेतनमान के आदेश जारी किये जावे।

**रुका हुआ वेतनवृद्धि एवं वेतन:** माह सितम्बर 2022 में अपने अध्यापक शिक्षक संवर्ग की लम्बित मांगों और समस्याओं के निराकरण हेतु की गई हड़ताल के दौरान निलम्बन के बाद बहाल हुए शिक्षकों की असंचयी प्रभाव से रोकी गई वेतन वृद्धि बहाल किया जावे तथा हड़ताल में शामिल शिक्षकों का हड़ताल अवधि का रुका हुआ या कटा हुआ वेतन का भुगतान किया जावे।

**पदोन्नति:** अध्यापक शिक्षक संवर्ग की आपसी वरिष्टता सूची का अंतिम प्रकाशन कर उच्च पदों के लिए पात्र अध्यापक शिक्षक संवर्ग को पदोन्नति दिया जावे।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, पांढुरना जिला - छिंदवाडा (म. प्र.)**

(E_mail-cmopandurna@mpurban.gov.in) 07164-220048, Fax - 221381

क्रमांक /04/रा.वि./न.पा./2023 पांढुरना, दिनांक :- 04.04.2023

**लक्ष्मी स्मृति भवन निलामी हेतु (द्वितीय) ई - निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, पांदुरना द्वारा निम्न तालिका अनुसार मध्यप्रदेश नगरपालिका ( अचल संपत्ति का अंतरण) नियम 2016 तथा संशोधित नियम मध्यप्रदेश राजपत्र ( असाधारण ) प्राधिकार से प्रकाशित नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल, दिनांक 4 मई 2021 एवं 28 मार्च 2023 में दिये गये प्रावधानों के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु दिनांक 01 जून 2023 से 31 मार्च 2024 तक 10 माह के अवधि के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा का विस्तृत विवरण https:// mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। नगरपालिका परिषद पांढुरना में ई-निविदा दरे प्रस्तुत कर सकते है। अतिरिक्त जानकारी इस वेबसाईट पर टेण्डर डाक्यूमेंट पर देखी जा सकती है या न.पा. कार्यालय के राजस्व शाखा में में उपस्थित होकर भी कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है ।

| निविदा आई.डी. क्रमांक | ठेके का नाम | आरक्षित मुल्य | अमानत राशि | निविदा फार्म का शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD_266009_1 | नगरपलिका लक्ष्मी स्मृति भवन | 21,00,000/- | 2,10,000/- | 5,000/- | 10 माह |

शर्ते - ( 1 ) प्रत्येक निविदाकर शासन द्वारा जारी केन्द्रीय पंजीकृत प्रणाली के वेबसाईट https://mptenders.gov.in में पंजीकृत होना अनिवार्य है। जिस नाम से आई.डी. होगी उसी नाम से निविदा ऑफर प्रस्तुत किया जायेगा। ( 2 ) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 06.04.2023 को सायंकाल 6.00 बजे से दिनांक 24.04.2023 को दोपहर 2.30 बजे तक क्रय किये जा सकते है। ( 3 ) ऑनलाईन बीड सबमीट करने की अंतिम तिथि 24.04.2023 में दोपहर 2.30 बजे तक है। ( 4 ) ई - निविदा दिनांक 25.04.2023 को दोपहर 3.00 बजे से खोली जावेगी । ( 5 ) निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में केवल ऑनलाईन संशोधन किया जावेगा, न्यूज पेपर में नही ।

**अध्यक्ष**
**नगरपालिका परिषद पांढुरना**

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद पांढुरना**

No. 33/05/2023-EO(SM-I)
Government of India
Secretariat of the
Appointments Committee of the Cabinet
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
Department of Personnel and Training

*****

New Delhi, **07.04.2023**

The Appointments Committee of the Cabinet has approved the following appointments of officers at Joint Secretary / Joint Secretary equivalent level with pay at Level 14 of the Pay Matrix :

(1) Appointment of **Ms. Sundaram Rukmani, CSS,** as **Joint Secretary, Department of Agriculture & Farmers Welfare,** for a tenure of five years or until further orders, whichever is earlier, *against an existing vacancy*;

(2) Appointment of **Ms. Yogita Rana, IAS (TG:2003),** as **Joint Secretary, Department of Agriculture & Farmers Welfare,** for a tenure of five years or until further orders, whichever is earlier, *against an existing vacancy*;

(3) Appointment of **Ms. Chauhan Sarita Chand, IAS (UT:1999),** as **Joint Secretary, Department of Animal Husbandry & Dairying,** for a tenure of five years or until further orders, whichever is earlier, *vice* Shri Upamanyu Basu, IRS (IT:1989);

(4) Appointment of **Ms. Anice Joseph Chandra, IRS (C&IT:1995),** as **MD, National Cooperative Consumers' Federation Of India Limited (NCCF)** under the **Department of Consumer Affairs,** for a tenure of five years or until further orders, whichever is earlier, *vice* Shri Manoj K. Semwal, IRSEE (1992);

(5) Appointment of **Shri Ashish Goyal, IInfoS (1996),** as **Addl DG, National Museum** under the **Ministry of Culture,** for a tenure of five years or until further orders, whichever is earlier, *vice* Shri Subrata Nath, IRSME (1991);

(6) Appointment of **Shri Naveen Kumar Shah, IFoS (UT:2000),** as **CMD, National Handicapped Finance & Development Corporation (NHFDC)** under the **Department of Empowerment of Persons with Disabilities,** for a combined tenure of seven years upto 11/06/2025 or until further orders, whichever is earlier, *vice* Shri Rajan Sehgal, IFoS (KL:1992);

(7) Appointment of **Ms. Anita Karn, IFoS (GJ:1997),** as **Joint Secretary, Department of Food & Public Distribution,** for a tenure of five years or until further orders, whichever is earlier, *vice* Shri S. Jagannathan, IRTS (1989);

(8) Appointment of **Shri Ashutosh Joshi, IA&AS (1994), ED (Genl), Food Corporation of India (FCI), New Delhi** under the **Department of Food & Public Distribution,** for a tenure of five years or until further orders, whichever is earlier, *vice* Shri R.K. Aggarwal, IAS (KL:1997);

(9) Appointment of **Shri Rahul Ramesh Nangare, IRS (C&IT:1999),** as **CEPI, O/o Custodian of Enemy Property for India (CEPI), New Delhi** under the **Ministry of Home Affairs,** for a tenure of five years, by temporarily upgrading the post from Director level to Joint Secretary level, initially for two years, (extendable thereafter with the approval of ACC on year to year basis for an overall tenure of five years) or until further orders, whichever is earlier, *vice* Shri Saurav Ray, IDES (1994);

(10) Appointment of **Shri Praveen Bonigala, IFoS (RJ:1995),** as **Joint Secretary, NATGRID** under the **Ministry of Home Affairs,** for a tenure of five years or until further orders, whichever is earlier, *vice* Ms. Satwant Atwal Trivedi, IPS (HP:1996);

(11) Appointment of **Shri Pankaj Bodkhe, IRS (C&IT:2000),** as **Financial Advisor, Khadi and Village Industries Commission (KVIC), Mumbai** under the **Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises,** for a tenure of five years or until further orders, whichever is earlier, *vice* Ms. Ashima Gupta, IRS (IT:1991);

(12) Appointment of **Ms. Abha Rani Singh, IRS (IT:1996),** as **CMD, National Minorities Development & Finance Corporation (NMDFC)** under the **Ministry of Minority Affairs,** for a tenure upto her superannuation on 31/08/2027 or until further orders, whichever is earlier, *vice* Shri M.C. Jauhari, IAS (AM:1987);

(13) Appointment of **Shri Sai Baba Darbamulla, IRSME (1993),** as **Joint Secretary, Ministry of Power,** for a tenure of five years or until further orders, whichever is earlier, *vice* Shri Ghanshyam Prasad, CPES (1989);

(14) Appointment of **Shri Balamurugan D, IAS (BH:2005),** as **Joint Secretary, Department for Promotion of Industry and Internal Trade,** for a tenure of five years or until further orders, whichever is earlier, *vice* Shri Anil Kumar Agrawal, IPS (UP:1988);

(15) Appointment of **Ms. Vasundhara Upmanyu, IRS (IT:1992),** as **Joint Secretary, Department of Public Enterprises,** for a tenure upto her superannuation on 31/10/2027 or until further orders, whichever is earlier, *vice* Shri Sanjay Kumar Jain, IRTS (1990);

(16) Appointment of **Ms. Amrit Raj, IPoS (1994),** as **Development Commissioner (Handicrafts), O/o Development Commissioner (Handicrafts)** under the **Ministry of Textiles,** for a tenure of five years or until further orders, whichever is earlier, *vice* Shri Shantmanu, IAS (UT:1991).

DeeptiU
7.4.23
(**Deepti Umashankar**)
Secretary
Appointments Committee of the Cabinet
& Establishment Officer







Hearty thanks to all participants for making the yesterday's event (06.04.2023) a grand success with their graceful presence.Sri. Rajesh Tiwari, President HRD Forum welcomed the guests and the participants. Sri. R.K.Singh, Vice President.-HR, Wardhaman Group gave an insightful presentation on 'Employees Engagement' which was very well received by all present.Apollo Sage Hospital, Bhopal group represented by Sri. Sudhir Diggekar, CEO and Regional Head, Ms.Jagriti Raizada, Head HR, Dr. Gaurav Khandelwal- Cardiologist, Dr. Tarun Bharadwaj- Gastroenteritis and Mr. Mayank Namdeo. Their presentation of providing world class health care and early signs for emerging health issues was very educative. Sri. R.G.Diwedi for sharing his views on the topics discussed.Sri. Saxena , GM HR, announced the hosting of the next meet in May'2023.

# मध्यप्रदेश ने जीआई का परचम लहराया, प्रदेश के शरबती गेंहू सहित 9 उत्पाद हुए जीआई पंजीकृत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश का सुप्रसिद्ध शरबती गेंहू अब देश की बौद्धिक संपदा में सम्मिलित हो गया है। कृषि उत्पाद श्रेणी में शरबती गेंहू सहित रीवा के सुंदरजा आम को हाल ही में जीआई रजिस्ट्री द्वारा पंजीकृत किया गया है। खाद्य सामग्री श्रेणी में मुरैना गजक ने जीआई टैग प्राप्त किया है। हस्तशिल्प श्रेणी में




प्रदेश की गोंड पेंटिंग, ग्वालियर के हस्तनिर्मित कालीन, डिंडोरी के लोहशिल्प, जबलपुर के पत्थर शिल्प, वारासिवनी की हैंडलूम साड़ी तथा उज्जैन के बटिक प्रिंट्स को भी जीआई टैग प्राप्त हुआ है।

शरबती गेंहू सीहोर और विदिशा जिलों में उगाई जाने वाली गेंहू की एक क्षेत्रीय किस्म है जिसके दानों में सुनहरी चमक होती है। इस गेंहू की चपाती में फाइबर, प्रोटीन और विटामिन बी और ई प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। शरबती गेंहू को आवेदन क्रमांक 699 के संदर्भ में जीआई टैग जारी किया गया है।

रीवा का सुंदरजा आम अपनी अनूठी सुगंध और स्वाद के लिए राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है। कम चीनी और अधिक विटामिन ई की वजह से यह आम मधुमेह रोगियों के लिए भी हितकारी होता है। सुंदरजा आम को आवेदन क्रमांक 707 के संदर्भ में जीआई टैग प्राप्त हुआ है।

मुरैना की गजक को आवेदन क्रमांक 681 के संदर्भ में जीआई टैग जारी किया गया है। गुड़ या चीनी और तिल के मिश्रण से बनी इस पारंपरिक मिठाई का 100 वर्षों से अधिक का इतिहास रहा है।

जीआई आवेदन क्रमांक 701 के संदर्भ में मध्य प्रदेश की गोंड पेंटिंग को पंजीकृत किया गया है। मानव के प्रकृति के साथ जुड़ाव दर्शाने वाली इस जनजातीय चित्रकला की प्रथा गोंड जनजाति में प्रचलित है जिसे विभिन्न उत्सवों और अवसरों पर बनाया जाता है।

ग्वालियर के हस्तनिर्मित कालीन को जीआई आवेदन क्रमांक 708 के संदर्भ में पंजीकृत किया गया है। इस कालीन बुनाई में चमकीले रंगों का उपयोग कर पशु, पक्षी और जंगल के दृश्यों का रूपांकन किया जाता है। ये कालीन ऊनी, सूती और रेशम आधारित होते हैं।



डिंडोरी के अगरिया समुदाय के लोहशिल्प को आवेदन क्रमांक 697 के संदर्भ में जीआई टैग प्राप्त हुआ है। इस शिल्प में लोहे को गरम कर और पीट-पीटकर वांछित मोटाई और आकार के पारंपरिक औजार और सजावटी वस्तुएं बनाई जाती हैं।

जबलपुर का पत्थरशिल्प भेड़ाघाट में मिलने वाले संगमरमर पर केंद्रित है। इस हस्तशिल्प में भगवान की मूर्तियां, नक्काशीदार पैनल, सजावटी वस्तुएं और बर्तन बनाए जाते हैं। इस हस्तशिल्प का निर्यात मुख्यत फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और अमरीका में किया जाता है। इसे आवेदन क्रमांक 710 के संदर्भ में पंजीकृत किया गया है। बालाघाट के वारासिवनी में बनने वाली हैंडलूम साड़ीयों को आवेदन क्रमांक 709 के संदर्भ में जीआई टैग प्राप्त हुआ है। धारियों और चैक के जटिल पैटर्न में बनाए जाने वाली ये हल्की और महीन साड़ीयां अपनी सादगी की लिए जानी जाती हैं। सोलह हाथ की साड़ी सर्वाधिक लोकप्रिय है जिसमें प्रत्येक ताना धागा 16 बाना धागों पर बुनाया जाता है।

उज्जैन की प्राचीनतम कला बटीक प्रिंट को आवेदन क्रमांक 700 के संदर्भ में जीआई टैग प्राप्त हुआ है। बटिक शिल्पकार डाई की प्रक्रिया में मोम का प्रयोग कर कलात्मक पैटर्न और मोटिफ बनाते हैं। सुंदरजा आम और मुरैना गजक को दिनांक 31 जनवरी 2023 को जीआई प्रमाणपत्र जारी किया गया है। शरबती गेंहू और गोंड पेंटिग के जीआई प्रमाणपत्र दिनांक 22 फरवरी 2023 को जारी किया गये हैं। डिंडोरी की लोहशिल्प, उज्जैन के बटिक प्रिंट्स, ग्वालियर के हस्तनिर्मित कालीन, वारासिवनी की हैंडलूम साड़ी और जबलपुर के पत्थर शिल्प के प्रमाणपत्र दिनांक 31 मार्च 2023 को जारी किए गए हैं।

प्रदेश की आदिवासी गुड़िया, पिथोरा पेंटिंग, काष्ठ मुखौटा, ढ़क्कन वाली टोकरी, और चिकारा वाद्य यंत्र के जीआई आवेदन विचाराधीन हैं।

## मुरैना की गजक और रीवा के सुंदरजा आम को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगी: चौहान



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुरैना की गजक और रीवा के सुंदरजा आम को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगी। मुरैना की गजक का स्वाद, देश ही नहीं दुनिया में सराहा जा रहा है। रीवा के सुंदरजा आम की मिठास अद्धुत है। प्रदेश का चंबल और विंध्य क्षेत्र निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुरैना की गजक और रीवा के सुंदरजा आम को जीआई टेग मिलने से इन क्षेत्रों की राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर एक अलग पहचान बनेगी। मुख्यमंत्री ने विंध्य और चंबलवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पौध-रोपण के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे।

## इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने एफवाय23 में 1,51,160 ट्रैक्टरों की अब तक की सबसे बड़ी वार्षिक बिक्री का नया मुकाम हासिल किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** किसानों की विभिन्न प्रकार के मांगों को पूरा करते हुए और विश्व भर में अपने वादों को निभाते हुए, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स




लिमिटेड (आईटीएल) ने शानदार प्रदर्शन के साथ अपनी एफवाय23 यात्रा पूरी की है। भारत से नं.1 ट्रैक्टर निर्यात ब्रांड, आईटीएल ने अपनी इनोवेशन और किसान केंद्रित दृष्टिकोण को पूरी तरह से विस्तारित करते हुए 1,51,160 ट्रैक्टरों के साथ अपनी सबसे अधिक वार्षिक बिक्री दर्ज की है। इस शानदार उपलब्धि में 14.1 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी और 11 प्रतिशत वृद्धि भी शामिल है।

दुनिया का सबसे बड़ा ट्रैक्टर बाज़ार, भारत में विभिन्न फ़सल और मिट्टी के कारण किसानों की अनोखी और चुनौतीपूर्ण आवश्यकताएं हैं 7 आईटीएल ने हमेशा नए ट्रैक्टरों को पेश करना जारी रखा है और यहां तक कि खेती की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने चैनल पार्टनर्स के साथ अच्छा तालमेल बनाए रखा है। आईटीएल द्वारा बिक्री में यह नयी उपलब्धि किसानों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है।

## आईसीडीआरआई 2023 का समापन लचीले एवं समावेशी इन्फ्रास्ट्रक्चर के समाधानों के आह्वान के साथ हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलिशन फॉर डिज़ास्टर रेज़िलियंट इन्फ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई) की फ्लैगशिप कॉन्फ्रेंस के पाँचवें संस्करण का आज समापन हुआ। इसमें 158देशों के 2,000 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इसमें शामिल होने वाले देशों में समोआ के स्मॉल आईलैंड डेवलपिंग स्टेट्स (सिड्स), हाईती, फिज़ी, और डोमिनिकन रिपब्लिक आदि शामिल हैं। आईसीडीआरआई 2023 में 600 वैश्विक संगठनों, निजी क्षेत्र, और शिक्षा जगत का प्रतिनिधित्व करते हुए 120 से ज्यादा देशों के 140 वैश्विक विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया और लचीले एवं समावेशी इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए ठोस समाधानों के बारे में चर्चा की।

## द कपिल शर्मा शो में हुआ खुलासा! आदित्य रॉय कपूर ने बताई एक चौंकाने वाली बात, जिसमें शामिल है आइसक्रीम!

**मुंबई एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के द कपिल शर्मा शो में इस शनिवार को गुमराह के स्टार कलाकारों - आदित्य रॉय कपूर, मृणाल ठाकुर, दीपक कालरा और संगीतकार मिथुन और विशाल मिश्रा की उपस्थिति में मनोरंजन का स्तर और भी बढ़ जाएगा। होस्ट कपिल शर्मा के साथ चर्चा में आदित्य रॉय कपूर, जो एक फिटनेस रूटीन का सख्ती से पालन करते हैं, बताएंगे कि उनका पसंदीदा चीट मील स्नैक क्या है। आदित्य रॉय आगे कपूर बताएंगे कि कैसे वो बिना किसी अपराधबोध के अपने चीट डे पर एक बार में आधा किलो आइसक्रीम टब खा लेते थे।

## अक्षिता कॉटन लिमिटेड को बांग्लादेश से 3.28 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ज़बरदस्त ऑर्डर मिला

**महेसाणा , एजेंसी।** अक्षिता कॉटन लिमिटेड को बांग्लादेश से 3.28 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 26.92 करोड़ रुपये) का ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर बांग्लादेश को भारतीय कच्चे कपास के लिए बांग्लादेश की विभिन्न स्पिनिंग मिलों से 2.71 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 22.21 करोड़ रुपये) द्वारा कंपनी के हालिया मौजूदा ऑर्डर से जोड़ता है। 06 अप्रैल 2023 तक कंपनी की मौजूदा ऑर्डर बुक अब लगभग 60,00,975.64 अमेरिकी डॉलर (लगभग 49.20 करोड़ रुपये) है। अक्षिता कॉटन लिमिटेड (बीएसई 542285, एनएससी ) एक प्रमुख कच्चे कपास के निर्माता और निर्यातक हैं।

## महिन्द्रा युनिवर्सिटी के वार्षिक खेल उत्सव एयरो में देशभर से खेल उत्साही विद्यार्थी शामिल हुए

**हैदराबाद, एजेंसी।** महिन्द्रा युनिवर्सिटी में बहुप्रतीक्षित वार्षिक अंतर विद्यालय खेल उत्सव एयरो 3 अप्रैल को प्रारंभ होकर 6 अप्रैल को संपन्न हुआ। इस उत्सव में देशभर से आए विद्यार्थियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। एयरो खेल उत्सव के तहत आयोजित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में वॉक्सेन, एमएलआर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, विज्ञान भारती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, अनुराग युनिवर्सिटी, जवाहरलाल नेहरू टेक्नोलॉजिकल युनिवर्सिटी, हैदराबाद, सिंबायोसिस लॉ स्कूल, मल्ला रेड्डी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, सीएमआर टेक्निकल कैंपस, सेंट मार्टिस, श्रीनिधि इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, इंस्टीट्यूट ऑफ एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग, मानव रचना युनिवर्सिटी, वीएमआर, वल्लुरूपल्ली नागेश्वर राव विज्ञान ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, केएल युनिवर्सिटी, बिट्स आदि सहित 43 विश्वविद्यालयों से 119 टीमों हिस्सा लिया।

## बाल कलाकार आकृति शर्मा और कुरांगी वी 'सुहागन' में मुख्य भूमिकाएं निभाएंगी

मुंबई, एजेंसी। परिवार वो होता है, जहाँ जिन्दगी की शुरूआत होती है और प्यार कभी खत्म नहीं होता है। हालांकि हर किसी को प्यार का वरदान नहीं मिलता है। इस कड़वी सच्चाई पर रोशनी डालते हुए कलर्स जल्द ही एक नया शो 'सुहागन' लॉन्च करेगा। इस शो में बिंदिया की दिल को छू लेने वाली कहानी है, जो मुश्किल हालातों में सकारात्मकता और दृढ़ता की ताकत को बनाये रखती है। बिंदिया और उसकी बहन पायल एक-दूसरे से बिलकुल उलट हैं, जिन्हें अपने कपटी रिश्तेदारों के लालच का सामना करना पड़ता है। बिंदिया पायल की देखभाल करती है।

## ज़ोडियाक पेश करते हैं समर 2023 पोसिटानो लिनेन कलेक्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लिनेन कपड़ों की बुनाई में इस्तेमाल होने वाले सबसे पुराने रेशों में से एक है। पटसन के पौधे के तने से लिया जाने वाला लिनेन दुनिया का सबसे मजबूत प्राकृतिक रेशा माना जाता है। लिनेन के कपड़े की बुनाई सुनिश्चित करती है कि हवा की आवाजाही आसान रहे और इस तरह यह गर्मियों के लिये आदर्श कपड़ा है। ज़ोडियाक उस लिनेन का इस्तेमाल करती है, जिसे फ्रांस के नॉर्मंडी क्षेत्र में उगने वाले पटसन से बुना जाता है और यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाले पटसन में से एक है।

## पेप्सीको ने क्रोपिन के साथ गठबंधन में भारत के लिए क्रॉप इंटैलिजेंस मॉडल लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** पेप्सीको इंडिया ने अपने ब्रांड ''लेज़'' के माध्यम से फसल एवं खेत के लिए प्रेडिक्टिव इंटैलिजेंस मॉडल की घोषणा की, ताकि किसानों को यूज़र-फ्रेंडली मोबाईल ऐप्स पर फंक्शनल डैशबोर्ड्स द्वारा आलू की गुणवत्तापूर्ण फसल की पैदावार बढ़ाने में मदद मिल सके। कृषि क्षेत्र में उद्योग का प्रथम क्लाउड बनाने के लिए मशहूर ग्लोबल एग्रीटेक कंपनी, क्रोपिन के साथ गठबंधन में लॉन्च किया गया यह अभियान भारत के लिए पेप्सीको के 'प्रेसिज़न एग्रीकल्चर' मॉडल का हिस्सा है और इसे गुजरात एवं मध्य प्रदेश में डेमो फार्म्स में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चलाया जा रहा है। भारत में ज्यादातर किसानों के पास एक हेक्टेयर से कम कृषिभूमि है। उन्हें कृषि के लिए पानी, खाद, और कीटनाशकों जैसी कृषि सामग्री की सही मात्रा को पहचानने तथा मौसम की जानकारी देने वाले साधनों की कमी के कारण लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

## रिलायंस ज्वेल्स ने राजसी तंजावुर कलेक्शन को प्रदर्शित किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के एक मुख्य आभूषण ब्रांड,रिलायंस ज्वेल्सने गर्व से अपनाशानदार अक्षय तृतीया कलेक्शन लॉन्च- तंजावुरको प्रदर्शितकिया। सम्मोहक कर देने वाले मंदिरों, शाही दरबार हॉल, बोम्मई डोल और आर्टिस्टिक पूम्पुहर जहाजों से प्रेरित एक बहुत ही सुंदर आभूषण कलेक्शन।यह मेगा लॉन्च इवेंट बुधवार, 5 अप्रैल 2023 को शांगरी-ला, बैंगलोर में हुई, और इसमें एचएनआई ग्राहकों, मीडिया, फैशन बन्धुत्व और संभावित खरीदारों ने हिस्सा लिया। इस इवेंटकाप्रमुख आकर्षण का केंद्र शानदार शो स्टॉपर जाह्नवी कपूर थीं, जिन्होंने राजसी तंजावुर




कलेक्शन आभूषण पहनकर रैंप की शोभा को बढ़ाया। जाह्नवी कपूर शोस्टॉपर ज्वैलरी को पहनकर रैंप वॉक करते हुए बहुत आकर्षित लग रही थीं। उसने हीरे जड़ित हार और झुमके का कलेक्शन पहना था, जो मंदिर के मिक्स डिजाइनों से प्रेरित था, जिसे रोज़ गोल्ड में तैयार किया गया था। पेचीदा कारीगरी और डिजाइन की डिटेल पर ध्यान ने तंजावुर के ऐतिहासिक राज्य के मूलतत्त्व को पूरी तरह से पकड़ लिया। जाह्नवी कपूर की शो-स्टॉपर मौजूदगी के अलावा, रनवे ने सोने और हीरे के कलेक्शन की एक विस्तृत रेंजको प्रदर्शित किया।

## वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने प्रयासों के उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं, वामपंथी उग्रवाद पर जीत के करीब पहुँचे अमित शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) को खत्म करने के के लिए किए गए प्रयासों के उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं, क्योंकि वामपंथी उग्रवादी हिंसा से जुड़ी घटनाओं और संबंधित मौतों की संख्या लगातार घट रही है। वास्तव में ऐसा प्रतीत होता है कि इस खतरे के खिलाफ उनकी दृढ़ लड़ाई जीत के अंतिम चरण में है। पदभार संभालने के बाद से, शाह नियमित तौर पर 2015 की राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना में उल्लिखित नीतियों के कार्यान्वयन की निगरानी कर रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप देश भर में वामपंथी उग्रवाद की हिंसा में लगातार कमी आई है। इस नीति में बहु-आयामी रणनीति की परिकल्पना की गई है जिसमें सुरक्षा संबंधी उपाय, विकास संबंधी हस्तक्षेप और स्थानीय समुदायों के अधिकारों को सुनिश्चित करना आदि शामिल हैं। शाह ने एलडब्ल्यूई समूहों के वित्तीय स्रोतों को अवरुद्ध करने के लिए एनआईए और ईडी के माध्यम से कड़े कदम भी उठाए हैं।

## रीन्यूएबल एनर्जी वर्कफोर्स को प्रशिक्षित करने के लिए एनएसडीसी और फेनिस एनर्जी की साझेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और रीन्यूएबल एनर्जी समाधानों के अग्रणी प्रदाता, फेनिस एनर्जी ने ग्रीन एनर्जी सेक्टर में अपस्किलिंग और माइक्रो-ऑन्तरप्रेन्योरशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक साझेदारी की शुरुआत की है। यह साझेदारी हमारे देश में एनर्जी के स्वच्छ स्रोतों के ट्रान्जिशन में सहायता और गति देगी। रीन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में आवश्यक विभिन्न कौशल सेटों में 1 लाख से अधिक लर्नर्स को ट्रेनिंग दी जानी सुनिश्चित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

प्रोग्राम विशेष रूप से भारत के लिए दो प्रमुख विकास उद्देश्यों के उद्देश्य से है - देश भर में जॉब्स/माइक्रो-ऑन्तरप्रेन्योर्स को विकसित करने के लिए मजबूत अवसर पैदा करना और जलवायु संकट से निपटना। और ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म और प्रैक्टिकल कोर्सवर्क के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षित करेंगी और सभी ग्रेजुएट लर्नर्स का प्लेसमेंट सुनिश्चित करेंगी। प्रोग्राम को सेल्स एंड मार्केटिंग मॉड्यूल, इन्स्टॉलेशन और कमीशनिंग, ऑपरेशन्स और मेन्टीनेन्स और सॉफ्टवेयर डिजाइन में लर्नर्स को प्रशिक्षित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

रीन्यूएबल एनर्जी में प्रगति के साथ, साझेदारी को सोलर के साथ शुरू करने और पायलट करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और एक समयावधि के लिए स्टोरेज और हाइड्रोजन के साथ-साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार किया गया है। उम्मीदवारों को मोबिलाइज़ करने, हाई क्वालिटी ट्रेनिंग देने और ग्रीन वर्कफोर्स में समावेशन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न ट्रेनिंग पार्टनर्स और स्किल एजेंसियों के साथ काम चल रहा है। एनएसडीसी के सीईओ वेद मणि तिवारी ने कहा, रीन्यूएबल एनर्जी दुनिया का भविष्य है, और 1 लाख उद्यमियों और जॉब्स को बनाने के विज़न के साथ, हम फेनिस के साथ सहयोग करने के लिए उत्साहित हैं।

## आकाश बायजू ने मध्य प्रदेश के कटनी में स्थानीय छात्रों को डायरेक्ट और हाइब्रिड कक्षाओं की सुविधा देने के लिए अपना पहला क्लासरूम सेंटर खोला

**कटनी।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में भारत के अग्रणी आकाश बायजूस ने शहर में अपने एनईईटी, आईआईटी जेईई, ओलंपियाड कोचिंग और फाउंडेशन पाठ्यक्रमों की बढ़ती मांग को देखते हुए कटनी, मध्य प्रदेश में अपना पहला क्लासरूम सेंटर खोला है। आकाश बायजू के पूरे भारत में फैले केंद्रों के नेटवर्क में यह नया जुड़ाव, वर्तमान में 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 325+ है। यह संस्थान छात्रों को जहां वे रहते हैं, वहां उनकी मानकीकृत प्रत्यक्ष कोचिंग सेवाओं तक पहुंचने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आकाश बायजूस, तीसरी मंजिल, आस्था



प्लाजा, विशाल मेगा मार्ट के पास, जबलपुर रोड, कटनी में एक प्रमुख स्थान पर 10000 वर्ग फुट की विशाल जगह में स्थित केंद्र में स्थापित है जहां 13 कक्षाएं हैं और 1500+ छात्रों को सीधे लेक्चर्स प्रदान कर सकते हैं। कनेक्टेड और स्मार्ट क्लासरूम की विशेषता के साथ, केंद्र अपने हाइब्रिड पाठ्यक्रमों के छात्रों को एक सहज सीखने का अनुभव भी प्रदान कर सकता है। कटनी में इस नए केंद्र का शुभारंभ डॉ. एचआर राव, क्षेत्रीय निदेशक, आकाश बायजूस ने कंपनी के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

छात्र अपनी मार्कशीट सबमिट करके सीधे प्रवेश लेने के साथ छात्रवृत्ति परीक्षा एसीएसटी के लिए नामांकन कर सकते हैं और प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश लेने के लिए छात्र इस वर्ष के अंत में आकाश बायजू नेशनल टैलेंट हंट परीक्षा के लिए भी पंजीकरण कर सकते हैं, जो संस्थान की प्रमुख वार्षिक छात्रवृत्ति परीक्षा है।

## ट्रैक्टर से आंगन की दीवार टूटने पर विवाद, मारपीट पर बदला

### महिला की रिपोर्ट पर एस सी /एस टी का बना मामला

**अमरवाड़ा** । अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम सोनपुर जागीर में ट्रैक्टर से आंगन की दीवार टूट जाने से दो पक्षों में भारी विवाद हो गया जिसमें महिला के साथ जातिगत गाली गुसार कर मारपीट करने तथा महिला के परिजनों के द्वारा ट्रैक्टर चालक एवं मालिक के साथ मारपीट करने का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है बताया जाता है कि सोनपुर निवासी महिमा डेहरिया के आंगन की दीवार ट्रैक्टर चालक द्वारा तोड़ देने पर महिला ने बोला तो राजेश आशिक सादिक ने महिला के साथ मारपीट किया वही चालक राजेश के साथ अनिल सुनील दीपक ने गाली गुसार कर मारपीट किया एवं जान से मारने की धमकी दिए जाने पर पुलिस द्वारा दोनों पक्षों पर काउंटर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया महिला की रिपोर्ट पर राजेश बगैरा पर एसटी एससी का प्रथक से प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया।

## पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र.भोपाल की मासिक बैठक 9 अप्रैल को

**छिन्दवाड़ा** । म.प्र.पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल जिला शाखा छिन्दवाड़ा के जिलाध्यक्ष मीर जाहिद अली एवं उपप्रांतीय अध्यक्ष के.एस.सेंगर ने बताया कि आज दिनांक 09 अप्रैल 2023 दिन रविवार को शासकीय जवाहर कन्या शाला सब्जी बाजार छिन्दवाड़ा में समय दोपहर 12:30 बजे से मासिक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में दिनांक 02 अप्रैल 2023 को भोपाल में सम्पन्न हुयी बैठक के संबंध में चर्चा की जायेगी। साथ ही इसी माह में पेंशनरों की जायज मांगों के लिये आंदोलन की रूपरेखा बनायी जायेगी । अत: सभी पेंशनर्स साथियों से अनुरोध है कि बैठक में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनायें।

## श्री लड्डू गोपाल तीन दिवसीय आगमन



छिंदवाड़ा । पीजी कॉलेज रोड बैल बाजार राधे-राधे कांप्लेक्स मे सिवनी से लड्डू गोपाल जी का आगमन हुआ है। जिसकी शोभायात्रा सागरपेशा से राधे-राधे कांप्लेक्स तक निकाली गई। जिसमें लड्ड गोपाल की टोलियां में जमकर नृत्य किया एवं लड्डू गोपाल को स्नान करा कर भव्य श्रृंगार किया गया एवं महाआरती की गई राजू यादव ने बताया कि तीन दिवसीय के लिए लड्डू गोपाल का आगमन हुआ है। प्रतिदिन दिव्य श्रृंगार किया जाएगा एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। लड्डू गोपाल के दर्शन करने बड़ी संख्या में भक्तगण पहुंच रहे हैं।

## मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र लाडली बहना योजना फॉर्म भरने में कर रहे सहयोग

**अमरवाड़ा** । मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र के द्वारा अमरवाड़ा विकासखंड के सभी पंचायत में मुख्यमंत्री लाडली बहना के फॉर्म भरवाने में सहयोग दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र के अमरवाड़ा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अंशुल जैन ने जानकारी देकर बताया कि सीएम फैलो गौरव जैन के मार्गदर्शन निर्देशन में अमरवाड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र शिव विश्वकर्मा डिंपल वर्मा रानू यादव एकता जंघेला मनोज वर्मा सोनम डेहरिया अंशुल जैन के द्वारा आवंटित पंचायत में पहुंचकर मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के फॉर्म भरे जा रहे हैं ईकेवाईसी की जा रही है और ग्रामीणों को समस्त जानकारी बताई जा रही है। मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र के द्वारा लगातार ग्रामीणों तक शासन की योजना पहुंचाई जा रही है इसके पहले विकास यात्रा में भी मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र के द्वारा सहयोग किया गया था गांव गांव में विकास यात्रा सम्मिलित होकर ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र के द्वारा दिलवाया गया था । वर्तमान में भी लाडली बहना योजना के पात्र हितग्राहियों के फॉर्म भरवाने में सभी जन सेवा मित्र सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## नवीन उचित मूल्य दुकान खोलने के लिये 10 अप्रैल से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**छिन्दवाड़ा** । म.प्र.सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले की जनपद पंचायत छिंदवाड़ा की दुकानविहीन ग्राम पंचायत नवेगांव में नवीन उचित मूल्य दुकान खोली जायेगी। इस संबंध में आगामी 10 से 22 अप्रैल तक पोर्टल www.https://rationmitra.nic.in पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किये जा सकते हैं। राजस्व अनुविभागीय अधिकारी छिंदवाड़ा ने बताया कि म.प्र.सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के प्रावधानों के अनुसार उचित मूल्य दुकान आवंटन के लिये म.प्र.सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 10 की उप धारा (1) के अंतर्गत उपभोक्ता सोसायटी, विपणन सोसायटी, उत्पादक सोसायटी, संसाधन सोसायटी, बहुप्रयोजन सोसायटी, महिला स्व-सहायता समूह और संयुक्त वन प्रबंधन समिति पात्र है। ऐसी पात्र व इच्छुक संस्थायें निर्धारित तिथि व समय पर पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं । निर्धारित तिथि के बाद आवेदन मान्य नहीं किये जायेंगे।

## शासन की योजनाओं का प्रचार रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार

**छिन्दवाड़ा** । कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिले में विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत राज्य शासन की 3 वर्ष की उपलब्धियों और विभिन्न योजनाओं पर केन्द्रित टाटा मैजिक पर निर्मित एक प्रचार रथ द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है । इस प्रचार रथ द्वारा आज जिले की जनपद पंचायतत परासिया के 10 ग्रामों में प्रचार-प्रसार किया गया । प्रचार रथ द्वारा ग्राम सतनूर, सोनापिपरी, पाठा, रिधौरा, चारगांव, उमरेठ, पटपडा, गुलवा, मांडईमाल और मानकादेही खुर्द में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना सहित शासन की अन्य योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया । कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कैम्प लगाकर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की पात्र महिलाओं के ऑनलाइन आवेदन भरने का कार्य जारी है। अभी तक कुल एक लाख 89 हजार 100 से अधिक आवेदन ऑनलाइन भरे जा चुके हैं।

# मैं प्रदेश देखूंगा आप अपना विधानसभा देखिये: कमलनाथ

### कार्यकर्ता डायरी बनायें और घर-घर जायें

**छिंदवाड़ा** । ग्राम डुगरिया की आम सभा में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि मेरे ऊपर पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी है, आपको अपनी विधानसभा देखना है, वह जमाना गया जब हम कहते थे कि फलां गांव व मकान कांग्रेस का है, आज हर घर में अलग-अलग मत के मतदाता है, उन्होने कहा कि चुनाव की तैयारी प्रारम्भ कर दें। सभी नेता एक डायरी बनाये और डायरी के अनुसार कार्य करेंगे, किसके घर में क्या कार्यक्रम हो रहा है, उस पर नजर रखे और उनके कार्यक्रम में जाये सम्पर्क बढ़ाये।



कमलनाथ ने कहा कि अब हर गांव की राजनीति एवं रणनीति अलग- अलग हो गई है, गांव के हिसाब से रणनीति बनाकर काम करे, मै पूरे प्रदेश को देखूंगा आपकी मेहनत से ही चौरई विधानसभा में कांग्रेस का झण्डा लहरायेगा। उन्होने कहा कि हमें अपने बूथ मजबूत करने है पन्ना प्रभारी एक-एक मतदाता का ख्याल रखे। भाजपा पर आरोप लगाते हुये उन्होने कहा कि भाजपा ने प्रदेश को बर्बाद कर दिया है।




माचागोरा बांध बना है तो नहर भी बनेगी, माचागोरा बान्ध कांग्रेस की देन है। कमलनाथ ने कहा कि छिंदवाड़ा भाजपा के निशाने पर है, यहां हर हफ्ते कोई न कोई मंत्री आ रहा है और जनता को गुमराह कर रहा है। इनकी जादूगरी की राजनीति का मुंह तोड़ जवाब देना है।

### डबल इंजन की सरकार ने, हर समस्या को डबल की: नकुलनाथ

छिन्दवाड़ा- देश में पिछले 9 वर्षों से और इससे डबल मध्यप्रदेश में पिछले 18 वर्षों से सत्ता में काबिज भाजपा की डबल इंजन की सरकार के राज में हर चीज डबल हुई है। पेट्रोल, डीजल के दाम डबल, रसोई गैस के दाम डबल, महंगाई डबल, बेरोजगारी डबल, खाद बीज के दाम डबल, बेरोजगारों की संख्या डबल से भी डबल और महिला अत्याचार सहित बढ़ते अपराधों में मध्यप्रदेश में हर समस्या डबल हुई है। फिर भी ना जाने किस मुंह से प्रदेश के मुख्यमंत्री कहते हैं कि भाजपा ने विकास किया है उक्त उदगार आज जिले के सांसद नकुलनाथ ने ऐतिहासिक स्थल देवगढ़ में आयोजित जनसभा में व्यक्त किये। देवगढ़ पहुंचते ही सांसद ने सर्वप्रथम चंडी माई के मंदिर में पूजा अर्चना कर माथा टेका और मंच से सभी कांग्रेसजन व उपस्थित ग्रामीणजन का अभिवादन किया। श्री नकुलनाथ ने कहा कि वे दो वर्ष बाद देवगढ़ आ रहे हैं क्योंकि कोरोना काल में आना संभव नहीं हुआ। उन्होंने कोरोना के दौर में कमलनाथ व उनके द्वारा उठाई गई जिम्मेदारियों से आमजन को अवगत कराया।

### नेहासिंह एवं सुजीत चौधरी खड़े रहे

मंच पर जब कमलनाथ भाषण देने लगे तो मंच पर नकुलनाथ एवं विश्वनाथ ओक्टे बैठे थे, किन्तु छिंदवाड़ा की विधानसभा प्रभारी श्रीमती नेहासिंह एवं विधायक सुजीत चौधरी दोनों ही खड़े रहे। इस संबंध में श्रीमती नेहासिंह से चर्चा करना चाही तो उन्होने मोबाईल नहीं उठाया।

### गुस्साये कांग्रेसियों ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

**शहर कांग्रेस व युवक कांग्रेस ने जताया आक्रोश**


छिन्दवाड़ा। भाजपा और उसके नेता चाल, चरित्र और चेहरे की बात करते हैं, लेकिन उनके स्वयं के व्यक्तित्व और भाषा में मर्यादा नहीं होती इसके एक नहीं बल्कि अनेकों उदाहरण है। आज प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में प्रेसवार्ता के दौरान अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया है, ऐसी भाषा और शब्दों का उपयोग उनके व्यक्तित्व और पद को शोभा नहीं देता। षड्यंत्र रचकर प्रदेश की सत्ता में काबिज होने वाले मुख्यमंत्री पद की गरिमा को तारतार कर रहे हैं, उन्होंने कमलनाथ को पागल कहा जिससे आक्रोशित शहर कांग्रेस एवं युवक कांग्रेस ने आज स्थानीय ईएलसी चौक पर नारेबाजी करते हुये सीएम का पुतला फूंका।

## छिंदवाड़ा डे-नाइट क्रिकेट प्रीमियर लीग 2023...

# 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक शुक्ला ग्राउंड में होगा मैच

### छिंदवाड़ा सहित देशभर की 24 टीमे लेगी भाग

**सभी मैचों का सीधा प्रसारण ड्रीम इलेवन चैनल एवं यू-ट्यूब में होगा**



**छिंदवाड़ा** । छिंदवाड़ा डे-नाइट क्रिकेट प्रीमियर लीग 2023 का शुभारंभ 15 अप्रैल को होगा जो कि 30 अप्रैल तक शुक्ला ग्राउंड में होगा। डे-नाईट 20-20 क्रिकेट प्रतियोगिता महाकुंभ में छिंदवाड़ा जिले की 12 टीमें और देशभर से नागपुर, दिल्ली, गुड़गांव, जबलपुर, लखनऊ, चेन्नई, इन्दौर, भोपाल, ग्वालियर, हरियाणा, पंजाब, मुम्बई की टीमें भी शामिल रहेंगी। इन टीमों में रणजी ट्रॉफी एवं आईपीएल और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल होंगे । इन सभी मैचों का लाईव सीधा प्रसारण फेनकोड, दफाबेट और क्रिक्सहीरो ऑनलाईन टीवी में चलेगा साथ में ड्रीम इलेवन चैनल एवं यू-ट्यूब में भी लाइव चलेगा। यह मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता है । दिनांक 15 अप्रैल से प्रतिदिन दो मैच होंगे पहला मैच सायं 4.30 बजे से तथा दूसरा मैच रात्रि 8.30 बजे से होगा। छिंदवाड़ा डे-नाइट क्रिकेट प्रीमियर लीग 2023 संरक्षक जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, मार्गदर्शक शेषराव यादव, संयोजक संदीप मालवी, सहसंयोजक मीनू सिंघई, सचिव दारा जुनेजा, खेल मित्र नितिन खंडेलवाल, आयोजन समिति सदस्य अलकेश लाम्बा, संदीप सिंह चौहान, पंकज पाटनी, जगेन्द्र अल्डक सहित समिति के सदस्यों ने खेल को लेकर तैयारियां प्रारंभ की । छिंदवाड़ा जिले में छिंदवाड़ा डे-नाइट क्रिकेट पीमियर लीग 2023 का 20-20 मैचों में छिंदवाड़ा के क्रिकेट प्रेमियों को नई ऊर्जा के साथ खेल में निखार मिलेगा जिससे छिंदवाड़ा जिले के खिलाड़ियों को देशभर के टीमों के साथ क्रिकेट खेलने का शुभअवसर प्राप्त होगा। विजेता टीम को 2 लाख 50 हजार रूपये का पुरस्कार एवं उपविजेता टीम को 1 लाख रूपये का पुरस्कार, बेस्ट बॉलर को 11 हजार रूपये, बेस्ट बेस्टमेन को 11 हजार रूपये, मेन ऑफ दा मैच 11 सौ रूपये, मेन ऑफ दा सीरिज 21 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा। छिंदवाड़ा डे-नाइट क्रिकेट प्रीमियर लीग 2023 में चयनित टीम प्रिय मित्र जबलपुर, एल.बी. शास्त्री दिल्ली, शौर्य क्लब इटावा आगरा, श्री दादा सांई बोरवेल नागपुर, नोएडा बुल्स नोएडा, अग्रवाल इन्फ्राटेक इंदौर, नेशनल बोरवेल हरियाणा, रजनीकांत वानखेड़े लखनऊ, कारयोन क्लब बड़कुही चैन्नई, ब्रांड स्ट्रीट स्काय गुड़गांव, ब्लैक केप, निशाने खालसा नागपुर तथा छिंदवाड़ा से समर्थ इलेवन, एसीसी क्लब, बालाजी वारियर्स, सतपुड़ा टाइगर्स, भाग लेंगी।

## भाजपा का हुआ निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**छिंदवाड़ा** । स्थापना दिवस से 14 अप्रैल बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती तक सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर इमलीखेड़ बस्ती वार्ड क्रमांक 35 में हुआ । सर्वप्रथम भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ है । इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि मैं प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति तक पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए दृढ़ संकल्पित हूँ कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति रूपये के अभाव में इलाज से वंचित न रहे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का यही उद्देश्य है । हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने और मुख्यमंत्री शिवराज जी भी स्वास्थ्य के लिए योजनाएं ला रहे है और उनमें अमल किया जा रहा है। उन्ही में से भारत आयुष्मान योजना के अंतर्गत 5 लाख तक के निशुल्क उपचार/ ऑपरेशन किया जाता है इस योजना से जरूरतमंद लोग इसका लाभ ले रहे है। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जगेन्द्र अल्डक, स्वास्थ्य शिविर प्रभारी एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ कार्यालय मंत्री डॉ. दशरथ साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विवेक बिट्टू मंडराह, त्रिलोक राउत, रामेश्वर ठाकरे, जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ मीडिया प्रभारी डॉ. भोला यादव, चिकित्सा प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष द्वय डॉ. राजेश राय, डॉ. मयंक साहू, आयुष्मान मेडिकल की फार्मासिस्ट श्रीमती भारती साहू उपस्थित रहे ।निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सेवा दे रहे न्यू आयुष्मान हॉस्पिटल से डॉ. एस. के. साहू, श्रीकृष्णा हॉस्पीटल से डॉ. अजीत वानखड़े, डॉ. प्रियांशु वर्मा, कान्हा हॉस्पीटल से डॉ. राजेश राय, डॉ. अवधेश राय, पूनम डोंटल क्लिनिक से डॉ. शशांक साहू, डॉ. रियांशू साहू, डॉ. भोला यादव डेंटल क्लिनिक, लायंस आई हास्पीटल परासिया से डॉ. रोशन पहाड़े, कपिल मालवी एवं नेत्र परीक्षण टीम डॉ. रोशन पहाड़े मुकेश सोनी, आरती यादव साथ ही श्रीमती संध्या साहू, कृष्णा यदुवंशी, अंकित पन्द्रे, संगीता कवरेती, ने अपनी सेवाएं दी ।




## सीमा पर बैठे सैनिक एवं पुलिसकर्मी की दीर्घायु के लिए निकाली यात्रा

**छिंदवाड़ा** । रुद्र आत्मक हनुमान सेवा समिति के रैली संचालक एवं कार्यक्रम सयोजक अखिल सूर्यवंशी एवं अध्यक्ष गोलू वर्मा ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जी जन्म उत्सव पर छिन्दवाड़ा से जामसाँवली तक पैदल गदा यात्रा निकाली जाती है यात्रा का मुख्य उद्देश्य केबल सीमा पर जवान हमारी देश की रक्षा कर रहे हैं ओर साथ ही पुलिस प्रशासन हमारी सेवा मेरा दिल लगे रहते हैं उनकी भी दीर्घ आयु की कामना के लिए छिंदवाड़ा से बजरंगी पैदल चमत्कारी श्री हनुमान मंदिर ( सौसर ) मनोकामना करने पहुंचते हैं, उसी क्रम में इस वर्ष भी सैकड़ों की संख्या में हनुमान भक्त गदा यात्रा में सम्मिलित हुए अध्यक्ष गोलू वर्मा, सचिव सदीप यादव,रैली प्रभारी कमलेश वर्मा, सह सचिव अजय सूर्यवंशी, यात्रा प्रभारी सुमित नागवंशी, सुभम यादव, समिति सचालक दुर्गेश वर्मा, सचिव पप्पू साहू,एवं अन्य ग्राम के भक्त गढ़ रैली में सम्मिलित हुए एवं संकट मोचन हनुमान मंदिर में सर्वप्रथम पूजन अर्चन व यात्रा का एकत्रीकरण हुए फिर के रूप में यात्रा निकाली गई जो संकट मोचन मंदिर से बसंत कॉलोनी श्याम टॉकीज, चार फाटक, छोटा तालाब मानसरोवर से फव्वारा चौक ईएलसी चौक चंदन गांव होते हुए जामसावली के लिए रवाना की गई।

# पांढुरना में हनुमान जन्मोत्सव पर निकली विशाल शोभायात्रा

**पांढुर्ना** । छिंदवाड़ा जिले की सबसे बड़ी तहसील पांढुरना नगर में विशाल जाम सांवली पदयात्रा समिति के तत्वाधान में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया,जिसमे सम्पूर्ण नगर के मुख्य मार्ग को भगवान एव सन्तो के कट आउट पोस्टर, झड़े,तोरण लगाकर सजाया गया था,नगर के हृदय स्थल गुजरी चौक में विराजमान प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में हनुमान जी महाराज का अभिषेक कर सिंदूर का चोला चढ़ाकर पुष्प मालाओ से सजाकर श्रृंगार कर नगर की आस्था स्वरूप पीतल दान से निर्मित मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभुश्री राम,माता जानकी,भैया लक्ष्मण एव वीर हनुमान जी का अभिषेक कर मूर्तियों का श्रृंगार कर सजायाकर सामूहिक भव्य हनुमान चालीसा पाठ के बाद आरती कर श्री मूर्तियों को रथ में विराजमान कर शोभायात्रा की शुरुवात की गई,पदयात्रा में सम्मिलित भक्तो को केसरी गमछा और टोपी का वितरण कर हनुमान जन्मोत्सव पर नगर की एकमात्र शोभायात्रा में अनेक झाकिया भी समिल्लित हुई,जिसमे हनुमान जी महाराज और श्री राम जी की झाकिया विशेष आकर्षण का केंद्र रही,वही शोभा यात्रा में हनुमान चालीसा के धुन पर अनेक भक्त झूमते नजर आए,नगर में निकली शोभायात्रा में डीजे की धुन पर सेकड़ो युवा हाथ मे भगवा ध्वज लिए नाचते-झूमते नजर आए,नगर में निकली शोभायात्रा का मार्ग-मार्ग पर समाज सेवी संगठन एवम नगर वासियो ने जोरदार स्वागत कर जल-पान का वितरण किया,जिसमे चातरकर परिवार द्वारा मठ्ठा वीतरण किया,तिड़के,पराये परिवार द्वारा शर्बत,मेहता परिवार द्वारा हलवा,शिव मंदिर जुना पांढुरना संस्था शर्बत,छत्रपति शिवाजी महाराज मित्र मंडल द्वारा पुलाव,गुणवंत बाबा संस्था द्वारा शर्बत की वेवस्था के साथ अनेक लोगो ने शोभायात्रा के स्वागत में जल-पान की सेवा प्रदान की गई।श्री हनुमान जन्मोत्सव से नगर में प्रति शनिवार विशाल श्री हनुमान चालीसा पाठ की शुरुवात की गई थी,जिसके तहत इस हनुमान जनोत्सव पर टोटल हनुमान चालीसा के पाठ एक करोड़ इक्यासी लाख सात हजार पांच सौ बारा पाठ का वाचन भी पूर्ण किया गया,इस अवसर पर विशाल जाम सांवली पदयात्रा समिति के सदस्यों के साथ नगर के समाज सेवी श्री गोबिंद अग्रवाल, श्री उज्ज्वल सिंह ठाकुर,श्री यादवराव ढोबले,नगर पालिका अध्यक्ष श्री संदीप घाटोड़े,अविनाश कालबाडे के साथ नगर अनेक लोग सम्मिलत हुए।



## श्रीमद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर तर्पण किया

**छिंदवाड़ा** । श्री शक्ति ट्रस्ट द्वारा संचालित संत श्री आशारामजी गुरूकुल में आज समिति के साधक एवं विद्यार्थियों ने गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर की पूज्य माता कृष्णा देवी के परलोक गमन पर उनके मोक्ष हेतु श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर विधिवत तर्पण किया । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि हमारे शास्त्रों में आता है कि जिन व्यक्ति का शरीर छूट गया है । उनके मोक्ष हेतु तीसरा , तेरहवीं, अस्थि विसर्जन, गंगा पूजन करने का विधान है। किसी कारणवश यह सब ना कर पाएं तो श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर पुण्य अर्पण कर तर्पण करने का भी विधान है। समिति समय-समय पर जिले के प्रतिष्ठित व्यक्ति एवं संस्था से जुड़े व्यक्ति , जिनका शरीर छूट गया है उनके लिए यह पुण्य कर्म करती है। साथ ही हरिओम होजरी के संचालक दिलीप साहू , राधेश्याम साहू के पूज्य पिता श्री शिवचरण साहू , विशाल चवुत्रे की पूज्य बहन मीनू ( निशा ) एवं सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू , सुभाष साहू , हरीश साहू , अलकेश साहू के पूज्य पिता श्री भैयालाल साहू के परलोक गमन पर उनके मोक्ष हेतु पाठ कर तर्पण किया गया । जिसमें सैकड़ों लोगों ने उपस्थित दर्ज की। इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन, साध्वी प्रतिमा बहन , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , गुरूकुल के प्रबंधक डॉ. सुशील सिंह परिहार योगिता पराडकर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## जामसांवली में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया

**छिन्दवाड़ा** । जिले के विकासखंड सौंसर के ग्राम जाम सांवली स्थित चमत्कारिक हनुमान मंदिर परिसर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रध्दालुओं को ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान, सौंसर द्वारा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और सी-20 चौपाल के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी देकर जागरूक किया गया । उल्लेखनीय है कि संस्था द्वारा जाम सांवली में संचालित मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रति मंगलवार को मनोचिकित्सकीय साप्ताहिक ओ.पी.डी. में मानसिक रोग से पीड़ित मरीजों का उपचार छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के मनोचिकित्सक द्वारा किया जाता है । संस्था प्रमुख श्री विजय धवले ने बताया कि संस्था के श्री विजय वनकर, श्रीमती दुर्गा ठोक व श्रीमती संध्या चौधरी ने श्रध्दालुओं को मानसिक रोग में उपचार के लिये मार्गदर्शक पुस्तक और जागरूकता पम्पलेट देकर बताया कि केवल मनोचिकित्सक ही मानसिक समस्याओं का इलाज कर सकता हैं । उचित इलाज से पीड़ित व्यक्ति स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी सकता हैं। लोगों को मानसिक रोगों के प्रति जागरुक करते हुए रोग के कारण, लक्षण बचाव और उचित उपचार की जानकारी देकर बताया कि उचित उपचार से मानसिक समस्या का निदान किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा क्षेत्र के लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर मानसिक समस्या से पीड़ितों को उपचार लेने के लिये प्रेरित किया जा रहा हैं।



## डबल इंजन की सरकार ने जनता को दी राहत: शेषराव यादव

### भगवा को खुद का कॉपीराइट न बताए नकुल कमलनाथ



**छिन्दवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शेषराव यादव ने कहा कि छिंदवाडा में पिता पुत्र कमलनाथ और नकुलनाथ जनता को बरगला रहे है और कह रहे है की क्या मैं हिन्दू नही हूँ।तो जनता आपसे सवाल पूछती है कि जब हम जय श्री राम के नारे लगाते है तो आप लोग अपने लोगो से जय जय कमलनाथ बुलवाते हो। आज जब पूरा देश भगवामय है तो खुद को भगवाधारी बता रहे हो। अब ये आश्चर्य की बात है कि अब नकुल कमलनाथ भगवा को खुद का कॉपीराइट बता रहे है।

### डबल इंजन की सरकार कर रही विकास

भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शेषराव यादव ने कहा कि देश में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मध्यप्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी यानि डबल इंजन की सरकार ने जनहित में जितने काम किये है पिछली सरकारों ने कभी नही कर पाया। महिलाओं के लिए उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि देना,महिलाओं को आरक्षण,सम्बल योजना,लाडली लक्ष्मी योजना, लाडली बहना योजना सहित देश और मध्यप्रदेश में हर वर्ग के लिए सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि छिंदवाडा वासियों की सेवा के लिए वे हमेशा तत्पर है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने देश और प्रदेश का मान बढ़ाया है।भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास लेकर काम कर रही है।

## झूर्रे कॉलोनी में हनुमान जी का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया



**परासिया** ।झूर्रे कॉलोनी में प्रतिवर्षानुसार श्री श्री शिद्देश्वर हनुमान मंदिर फ़िल्टर प्लान्ट में हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर महिला मंडल द्वारा सुन्दर पाठ का आयोजन किया गया व पुरे विधि विधान के साथ हवन कुंड मे आहुति अर्पित की गई ।जिसके बाद भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया।सैकडो की संख्या में श्रद्धालुओं ने दादा हनुमान जी के दर्शन और पुण्य लाभ अर्जित किये।जिसमें मुख्य रूप से विनोद सिंह, विकास मेहता, अनिल मौर्या, दानशा सल्लाम, अनिल श्रीवास्तव, जयराम सिंह, मंगल सहानी, रामखिलावन दिवाकर, किशोर राय, नागेंद्र चौधरी, दादा राव टांडेकर, दीपक राय,सुनील साहनी, रोहित साहनी, रोहित बिहारेफ़िल्टर प्लांट के समस्त कर्मचारियों तथा कॉलोनीवासी का सहयोग रहा।

# प्रेमी ने उतारा था महिला को मौत के घाट

## खमारपानी हत्याकांड का खुलासा

### पहचान छुपाने के डर से काटा था गला आरोपी सहित अपचारी बालक गिरफ्तार

**छिंदवाड़ा/बिछुआ** । खमारपानी के डूडेवानी में हुए महिला के जघन्य हत्याकांड का बिछुआ पुलिस ने खुलासा कर दिया है। एसपी विनायक वर्मा के मुताबिक मृतक महिला ममता पाटिल को उसी के प्रेमी थाना बिछुआ के जामुन टोला निवासी अशोक सराठे ने अपने एक नाबालिग साथी के साथ मिलकर मौत के घाट उतारा था। पुलिस ने दोनों ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है ।दरअसल पूरा मामला कुछ इस तरह का है डूडेवानी आमाझिर मार्ग पर 5 मार्च को एक अज्ञात महिला का धड़ मिला था। जिसकी शिनाख्त सुरंगी निवासी ममता पाटिल उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई थी। पुलिस ने जब परिजनों से पूछताछ की तो पता चला कि जामुन टोला निवासी अशोक सराठे के साथ उसका प्रेम संबंध चल रहा था ।पुलिस ने परिजनों के बताए आधार पर आरोपी को जब राउंडअप किया तो पहले वह गोलमोल जवाब देता रहा। बाद में उसने अपनी चांद के मोघर में रहने वाले नाबालिग साथी के साथ हत्याकांड को अंजाम देना कबूल कर लिया।



### शादी के लिए दबाव बना रही थी मृतिका

पुलिस के मुताबिक आरोपी अशोक ने बताया कि मृतिका की शादी बंधन में हुई थी वह अपने पति को छोड़कर पिछले कुछ दिनों से ससुराल में रह रही थी मजदूरी करने के दौरान उससे उसकी पहचान हो गई। बाद में दोनों के बीच संबंध बन गए इसी बीच मृतिका लगातार अशोक से शादी करने का दबाव बनाने लगी। अशोक ने बताया कि उसका स्वभाव अलग तरह का था इसलिए वह उसके गले नहीं पडना चाह रहा था, ऐसे में उसने अपने साथी के साथ मिलकर उसे ठिकाने लगाने का प्लान बनाया और 3 मार्च को उसके घर जाकर शादी में जाने की बात कह कर उसे अपने साथ लाया। यहां उसने पहले महिला के साथ संबंध बनाए बाद में दोस्त के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी ।नाबालिग आरोपी को लालच देकर कराया सर धड़ से अलग बताया जा रहा है कि आरोपी अशोक सराठे ने अपने नाबालिग साथी को किसी चीज का लालच देकर उसे अपने साथ महिला की हत्या करने लेकर गया था। इसके बाद उसने दो चाकू से महिला को मौत के घाट उतारा। उसके बाद अपनी नाबालिग साथी की मदद से उसका सिर धड़ से अलग किया और उसे ले जाकर कन्हार गांव की पुलिया के पास फेक दिया।

### इस टीम ने किया खुलासा

चौरई एसडीओपी प्रीतम सिंह बालरे, थाना प्रभारी बिछुआ निरी. पूर्वा चौरसिया, चौकी प्रभारी खमारपानी उनि. पूनम उईके, एफएसएल अधिकारी अजिता जौहरी, फिंगरप्रिंट यूनिट अधिकारी सतेन्द्र बघेल, सउनि. गुणवंत पवार, सउनि कंधीलाल सैयाम, प्र.आर. विनोद बघेल, प्र. आर. चंद्रशेखर सोनी, आर. सुरेश, आर. मनोज सिंह, आर. रविशंकर भारती, आर. भूपेन्द्र, आर. नितिन, अंकित शर्मा, सैनिक रविन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कलेक्टर ने शहर में ई केवाईसी कार्यालय का निरीक्षण किया



भोपाल। आज कलेक्टर आशीष सिंह ने लाडली बहना योजना के अंतर्गत ई केबायसी अपडेशन का काम देखने के लिए बागसेवनिया विश्वकर्मा नगर मार्केट, अन्ना नगर और 12 नंबर मार्केट के केवाईसी केंद्रों का निरीक्षण किया । इस दौरान क्षेत्रीय विधायक कृष्णा गौर, नागा निगम आयुक्त के वी एस चौधरी कोलसानी और अपर आयुक्त संदीप केरकट्टा मौजूद रहे।=

# पुलिस खंगाल रही धांधलेबाज आदर्श गृह निर्माण समिति का रिकार्ड

**भोपाल।** सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने आदर्श गृह निर्माण सहकारी संस्था का रिकार्ड जब्त करने के बाद पुलिस को सौंप दिया है। अब इस रिकार्ड को पुलिस खंगालने में जुटी हुई है। इससे पहले पुलिस द्वारा समिति में गड़बड़ी करने वाले अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संचालकों व अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया जा चुका है। दरअसल गृहनिर्माण समिति की जमीन पर कोरल लाइफ नाम कालोनी का निर्माण कर दिया गया है। यहां ईडब्ल्यूएस की जगह पर डुप्लेक्स बना दिए गए हैं। बंधक प्लाट पर भी डुप्लेक्स बने हुए हैं। खुले क्षेत्र पर भी मकान बना दिए गए हैं। समिति के 750 सदस्यों में से एक को भी प्लाट नहीं मिला है। कारण यह है कि समिति के पदाधिकारियों ने जमीन इंदौर के किसी बिल्डर को बेच दी और बिल्डर ने यहां अपनी मर्जी के अनुसार कालोनी विकसित कर दी है।

### जांच में मिली 165 रजिस्ट्रियां, जिनमें पता चली गड़बड़ी

सहकारिता उपायुक्त विनोद सिंह ने विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त आयुक्त अरविंद सिंह सेंगर सहित 45 लोगों के खिलाफ थाना निशातपुरा में एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें कोरल लाइफ कालोनी विकसित करने वाली आदर्श गृह निर्माण समिति में हुई गड़बड़ियों के लिए समिति के पदाधिकारियों और अनय के साथ सेंगर को भी आरोपित बनाया गया है। सहकारिता विभाग की जांच में 165 रजिस्ट्रियां सामने आई हैं। इसका रजिस्ट्री मूल्य 11.82 करोड़ और बाजार मूल्य 13.54 रुपये हैं, इसमें चेक और नकद से 11.77 करोड़ प्राप्त किए गए हैं। रजिस्ट्री से हुई आय में से 3.37 करोड़ रुपये बैंक खाते की बजाए इधर-उधर करने के साथ ही यहां विकास सहित अन्य कार्य करने वालों को दे दिए गए हैं। इसके अलावा लोगों को भ्रमित करने के लिए नाम भी आदर्श नगर से बदलकर कोरल लाइफ कालोनी कर दिया गया है।

# बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर जांची जाएंगी नौवीं-ग्यारहवीं की उत्तर पुस्तिकाएं



**भोपाल।** इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर नौवीं व ग्यारहवीं की उत्तरपुस्तिकाएं जांची जाएंगी। वर्तमान में सरकारी स्कूलों की नौवीं व ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं संचालित हो रही हैं, ऐसे में जिन विषयों की परीक्षाएं समाप्त हो गई हैं, उनकी उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी शुरू किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक जिले में मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस बार नौवीं व ग्यारहवीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन समन्वयक केंद्रों पर होगा, ताकि पारदर्शिता बरती जाए। संकुल केंद्रों को भी मूल्यांकन केंद्र बनाए जा रहे हैं। वर्तमान में जिन विषयों की परीक्षाएं संपन्न हो रही हैं, उन विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं को सील कर सीधे मूल्यांकन केंद्र भेजा जा रहा है। साथ ही उन विषयों के शिक्षकों को भी मूल्यांकन केंद्र बुलाया जा रहा है।

**राजधानी में छह मूल्यांकन केंद्र बनाए-** राजधानी में 131 हाई व हायर सेकंडरी स्कूल हैं। नौवीं व ग्यारहवीं में करीब 35 हजार विद्यार्थी शामिल हैं। इसके लिए राजधानी में मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। इसमें शासकीय कन्या उमावि बैरसिया, शाउमावि कोटरा सुल्तानाबाद, शाउमावि बालक स्टेशन क्षेत्र, शाउमावि आनंदनगर, शाउमावि नवीन अरेरा कालोनी, शाउमावि राजा भोज को मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ बाल फिल्म बाइसिकल डेज़ की फिल्म निर्माण टीम के सदस्यों ने बरगद, आंवला, मौलश्री और सप्तपर्णी के पौधे लगाए।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अट्ठारह सौ सत्तावन की क्रांति के महानायक अमर शहीद मंगल पांडे के बलिदान दिवस तथा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के रचनाकार श्रद्धेय बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज निवास कार्यालय स्थित सभागार में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रिणी योद्धा शहीद मंगल पांडे के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

# ये सब नहीं, आज तो सिर्फ सेव परमल ही खाएंगे



**धार।** कैलाश विजयवर्गीय भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता हैं। वे राष्ट्रीय महासचिव हैं और प्रदेश की राजनीति में भी अपनी अच्छी धाक रखते हैं। इसके बावजूद उनका देसीपन ऐसा है, जो हर किसी को भी आकर्षित करता है। फिर वह चाहे बातचीत का मामला हो या खानपान का हो। शायद उनकी लोकप्रियता का कारण भी उनका यही मालवी देसीपन है।

इसी का एक नजारा शुक्रवार की शाम धार में देखने को मिला, जब वे पार्टी की बैठक में भाग लेने धार आए। सारा दिन पार्टी और मेकजोल के कामकाज निपटाने के बाद शाम को वे अपने मीडिया मित्र छोटू शास्त्री के ऑफिस पहुंचे, जो वरिष्ठ पत्रकार होने के साथ ही धार जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष भी हैं।

उनके स्वागत में बहुत सारे व्यंजन टेबल पर परोसे गए। कैलाश विजयवर्गीय अपने अंदाज में वहां मौजूद सभी मीडिया मित्रों से मिले और इतने सारे व्यंजन देखकर बोले 'अरे छोटू भाई यह सब हटाओ, ये कुछ नहीं खाएंगे, आज तो बस सेव परमल खिलाओ !' वास्तव में वे यही खाना भी चाहते थे। तत्काल कैलाश जी की मंशा के मुताबिक सेव परमल का इंतज़ाम किया गया। उन्होंने बाकी सारी चीजें किनारे करवा दी और ठेठ देसी अंदाज में मुट्ठी भर भरकर सेव परमल ही खाए और पत्रकार मित्रों से खुलकर बातचीत की।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और कैलाश विजयवर्गीय धार में कल विक्रम वर्मा से मिले, कुशाभाऊ ठाकरे के निवास पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उसके बाद भाजपा कार्यालय पहुँचे। यहाँ दिन भर नेताओं और कार्यकर्ताओं से पार्टी संगठन को लेकर मैराथन बैठक ली।



न्यू मार्केट खेड़ापति हनुमान मंदिर ट्रस्ट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक देवकीनंदन जी का सम्मान किया गया इस अवसर पर ट्रस्ट के समस्त पदाधिकारी एवं धर्मावलंबी आदि उपस्थित रहे।

# 17 कॉलोनियों के 48 अवैध कॉलोनाइजरों पर FIR, भू माफियाओं में हड़कंप

## रतलाम जिला प्रशासन द्वारा जिले में 17 कॉलोनियों के 48 अवैध कॉलोनाइजरों पर FIR करने पर भूमाफियाओं में हड़कंप मचा



**रतलाम।** कलेक्ट्रेट कार्यालय के गेट पर पूर्व गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता हिम्मत कोठारी का तमतमाया चेहरा और रौद्र रूप देखकर हर कोई हैरानी भरी नजरों से उन्हें देखने लगे। वहीं कलेक्ट्रेट में हड़कंप मच गया। अधिकारी इधर उधर दौड़ते नजर आने लगे। आखिर क्या कारण रहा कि प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता को आनन फानन कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी से मिलने कलेक्ट्रेट जाना पड़ा।

रतलाम जिले के जावरा और पिपलोदा में अवैध कॉलोनियों को लेकर पुलिस ने जावरा में 14 कॉलोनियों के 41 कॉलोनाइजरों और पिपलोदा में 3 कॉलोनियों के 7 कॉलोनाइजरों पर उनके काले कारनामों को लेकर स्न्रढ्ढक्रदर्ज की थी। पिपलोदा में जिन 7 लोगों को पुलिस ने आरोपी बनाया, उनमें भाजपा के पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी के भतीजे प्रकाश कोठारी की पत्नी संगीता कोठारी और भाजपा नेता चंद्रप्रकाश ओसतवाल भी शामिल हैं।

बहू पर एफआईआर दर्ज होने और कार्रवाई से गुस्साएं पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी सीधे कलेक्ट्रेट पंहुचे। तब कलेक्टर अपने ऑफिस में नहीं थे।वह जब आए तो कोठारी का हाथ पकड़कर अपने ऑफिस में ले गए। कोठारी ने कहा कि मेरे भतीजे की पत्नी दोषी नहीं है। वह सिर्फ जमीन मालिक थी। कॉलोनी किसी शांतिलाल नाम के व्यक्ति ने काटी थी। यदि कोई दोषी है तो कारवाई करें। लेकिन इसके पहले नोटिस जारी कर पूछताछ करना चाहिए। ऐसे में हमारी बहू ने क्या गलत किया।

कोठारी ने बताया कि मैंने कलेक्टर से पूर्व में भी कहा था कि तथ्यात्मक जांच करें लेकिन बगैर नोटिस के कार्रवाई गलत की। ऐसे में अब हिम्मत कोठारी बर्दाश्त नहीं करेगा और हर मोर्चे पर मैं लड़ाई लड़ूंगा।

अवैध कॉलोनियों को वैध करने की पहली शर्त जिम्मेदार अवैध कॉलोनाइजरों पर स्न्रढ्ढक्रदर्ज करना ही है। यह प्रावधान प्रदेश भर की 5642 कॉलोनियों के लिए है लेकिन सिर्फ रतलाम जिले का जावरा एसा स्थान है जहां अवैध कॉलोनी मामले में स्न्रढ्ढक्र दर्ज हुई है। जबकि रतलाम शहर में ही 47 कॉलोनियों के 100 से अधिक लोगों पर स्न्रढ्ढक्रके लिए निगम 3 माह पहले ही इनकी सूची थानों में भेज चुका हैं जिसमें कार्यवाही आज तक नहीं हुई है।

# हादसों का कारण बन रही खदानें, पानी सूखते ही शुरू हो जाता है अवैध उत्खनन



**भोपाल।** जिले में खदानों को लेकर न तो इनको लीज पर लेने वाले खनिज कारोबारी जागरूक हैं और न ही खनिज विभाग। दरअसल जिले में संचालित लगभग 100 खदानों में से अधिकांश के चारों तरफ न तो मुनारें लगाई गई हैं, और न ही सुरक्षा दीवार बनाई गई है। इसी वजह से पानी से भरी इन खदानों में हादसे होते हैं। वहीं खदानों की लीज खत्म होते ही खनन माफिया द्वारा इनका पानी सूखते ही इनसे अवैध उत्खनन करना शुरू कर देते हैं। मालूम हो कि कलेक्टर व आयुक्त कई बार अवैध उत्खनन और परिवहन की रिपोर्ट तलब कर चुके हैं, लेकिन अधिकारियों ने कागजों में जांच कर अपने काम की इतिश्री कर ली।

**फाइलों में दम तोड़ते आदेश-निर्देश-** जिले में संचालित अधिकांश खदानों में नियम विरुद्ध हो रहे उत्खनन की जांच और इनके सीमांकन के निर्देश तत्कालीन कलेक्टर निकुंज श्रीवास्तव ने दिए थे। इस निर्देश के बाद खनिज अमले ने कुछ खदानों का सीमांकन तो किया था, लेकिन कलेक्टर का तबादला होते ही मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इसके बाद पूर्व कलेक्टर निशांत वरवड़े ने खदानों की जांच एक बार फिर शुरू कराई थी, इसके तहत खदानों की जांच कर वहां सुरक्षा के इंतजाम कराए जाने थे। यही नहीं जहां अवैध उत्खनन हुआ है, उनकी सूची बनाकर कार्रवाई होना थी। इस पर कुछ खदानों की जांच हुई और सुरक्षा के इंतजाम भी हुए, लेकिन बाद में मामला फाइलों तक सीमित रह गया।

### चोरी की राह बनाने तोड़ते हैं मुनारें

- आवंटित खदानों की हद तय करने के लिए लगाई जाने वाली मुनारों में ही तोड़फोड़ कर खनिज संपदा की चोरी की जा रही हैं।
- लगभग 100 चालू खदानों में 35 खदानों की मुनारे टूटी हुई हैं या फिर गायब कर दी गई हैं।
- बरखेड़ा नाथू, बैरसिया रोड, नीलबड़, सिकंदराबाद, रतुआ रत्नपुर, झागरिया, परवलिया, शाहपुर क्षेत्र में संचालित खदानों में ज्यादा गड़बड़ी है।

# नौकरी लगवाने के नाम पर छह लोगों से 12.20 लाख रुपये की ठगी

**भोपाल।** ऐशबाग पुलिस ने तीन महिलाओं समेत छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोप है कि तीन युवकों को मानव संग्रहालय में नौकरी लगवाने के नाम पर 12.20 लाख रुपये लिए गए हैं। नौकरी नहीं लगने पर तीनों ने जब अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपितों ने लौटाने से इंकार कर दिया।

पुलिस के मुताबिक लोकेंद्र सिंह चौहान सुभाष कालोनी अशोका गार्डन में रहते हैं। उनके दोस्त सलमान खान और फैजान सोनिया कालोनी ऐशबाग में रहते हैं। कोरोना काल के समय से तीनों बेरोजगार थे और नौकरी की तलाश कर रहे थे। सलमान और फैजान इलाके में रहने वाली परवीन उर्फ शीबा और उसके पति इमरान को जानते थे। परवीन कम्प्यूटर सिखाने के साथ ही नौकरी के लिए कंसल्टेंसी का काम करती है। उसने दोनों दोस्तों को मानव संग्रहालय में नौकरी लगवाने की बात कही. दोस्तों ने यह जानकारी लोकेंद्र सिंह को दी तो वह भी नौकरी के लिए तैयार हो गया। परवीन ने बताया था कि उसने अन्य लोगों की भी नौकरी लगवाई है।

द्वितीय पुण्यतिथि



स्व. श्री नितिन चौरसिया जी
स्वर्गवास : 08.04.2021
चल दिए लंबे सफर पर, एक छोटी सी उम्र लेकर
काश बढ़ जाती, उम्र आपकी, हमारी उम्र लेकर
आपकी दिव्य स्मृतियां हमेशा हमारे जीवन को प्रकाशित करेगी
:: विनम्र श्रद्धांजलि ::
श्री गोविन्द इंद्रा चौरसिया, श्रीमति आरती चौरसिया, सचिन यशस्वी चौरसिया, श्रेयश चौरसिया, श्रेयशी चौरसिया, आदित्य चौरसिया एवं समस्त चौरसिया परिवार

